हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 25 जून 2024



# कुल देवता की जानकारी नहीं तो शिव पर चढ़ाए एक लोटा जल, मिलेगा पुण्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

समस्त दानदाताओं के सहयोग से गंडई में कराए गए पं. प्रदीप मिश्रा के शिव महापुराण कथा के सातवें दिन कथा का समापन आरती-वंदन के साथ किया गया। शिव महापुराण के अंतिम दिन राजनांदगांव के पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, छुईखदान के पूर्व जनपद उपाध्यक्ष खम्हन ताम्रकर आरती-वंदन में शामिल रहे।

गंडई में 7 दिनों तक चले शिव महापुराण पूर्ण रूप से सफल रहा। कथा पंडाल स्थल, भोजन पंडाल स्थल, पार्किंग स्थल, बेरिकेट्स में फ्री सेवा दे रहे सेवादारों के अथक मेहनत का नतीजा रहा कि गंडई में आने वाले लाखों भक्तों ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को लेकर खुले मन से तारीफ किया। मलाजखंड के लोरा गांव से आई रेखा चन्द्रेवे ने बताया कि गंडई में आने वाले शिव भक्तों के लिए बहुत बढ़िया व्यवस्था बनाया गया था। यहां तक हर दिन रात्रि में भी नगर के दानदाताओं ने पंडाल में आकर बिस्किट, चाय, पोहा, पानी एवं अन्य खाद्य सामग्री का वितरण किया है। दुर्ग से आए बद्रीप्रसाद देवांगन, डोंगरगढ़, धमधा, मुंगेली, भिलाई सहित दर्जनों शहरों से आए शिव भक्तों ने बताया कि गंडई में शिव भक्तों का अच्छे से ख्याल रखा जा रहा है। सुबह 8 से 11 बजे तक पं. प्रदीप मिश्रा को सुन रहे शिव भक्तों ने कथा समाप्ति के बाद अपना सामान व्यवस्थित कर अपने घरों की ओर लौटने लगे। शिव भक्तों की संख्या इतनी ज्यादा थी कि 11 से 3 बजे तक नगर के मुख्य मार्ग में लगातार भीड़ बनी रही।

### दानदाताओं की उमड़ी भीड़

गंडई में पहली बार हुए पं. प्रदीप मिश्रा के शिव महापुराण कथा कार्यक्रम में गंडई नगर सहित आसपास और दूर-दराज के दानदाताओं ने अपने-अपने स्तर पर किसी न किसी खाद्य पदार्थों का दान शिव भक्तों को करते हुए मिशाल पेश किया। सड़कों से लेकर पंडाल के अंदर विभिन्न खाद्य पदार्थों सहित ठंडा जल एवं मीठा जल का फ्री वितरण किया। इस कारण गंडई में आने वाले शिव भक्तों के जुबां पर कार्यक्रम को लेकर भूरी-भूरी प्रशंसा किए हैं।

## आरती-वंदन के साथ शिव महापुराण कथा का समापन, लौटे शिवभक्त



### जल चढ़ाने देवता होते हैं प्रसन्न

कथा के अंतिम दिन पं. प्रदीप मिश्रा ने बताया कि शिव पर जल चढ़ा देने से 33 कोटि देवी-देवता की पूजा हो जाती है, वे प्रसन्न हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि शिव महापुराण की कथा कहती है कि शिवलिंग पर 33 कोटि देवी-देवताओ का वाश होता है। अगर आपको अपने कुलदेवी, पितृदेव, ग्राम देव या कुलदेवता, स्थान देवता, खेड़े का देवता कौन है, नहीं मालूम तो शिव महापुराण की कथा के अनुसार शिव जी पर एक लोटा जल चढ़ा तो उन्हें प्राप्त हो जाएगी।

### अंतिम दिन भक्तों का रेला

कथा के अंतिम दिन शिव भक्तों की भीड़ कथा स्थल पर समां नहीं पा रही थी। ड्रोन कैमरे से लिए फोटो देखकर आसानी से समझा जा सकता है कि कथा के अंतिम दिन लाखों की संख्या में शिव भक्तों की भीड़ कथा स्थल पर उमड़ पड़ी थी। इस कारण कथास्थल पर लगाए डोम, पंडाल और पूरा खुला जगह शिव भक्तों से भरा रहा था। सुबह 8 से 11 बजे तक चले अंतिम दिन के कार्यक्रम में बरसते पानी और कड़ी धूप में शिव भक्त लागतात डटे रहे।

---

### एचएम और शिक्षक के पौने दो हजार पद खाली, मिडिल स्कूलों में स्थिति अधिक खराब

# कैसे गढ़ेंगे भविष्यः दर्जनभर शाला शिक्षकविहीन सौ से अधिक स्कूल केवल एक शिक्षक के भरोसे!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

*“शिक्षा की गुणवत्ता का स्तर सुधारने के लिए भले ही कागजों में कई निर्णय लिया जा रहे हो, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। गरीबों के बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने के लिए हर साल करोड़ों रुपए फूंकने वाली प्रदेश सरकार पर्याप्त शिक्षकों की व्यवस्था भी नहीं कर पा रही है। नियमानुसार हर 35 बच्चों पर एक शिक्षक होना चाहिए, लेकिन जिले में ऐसे सैकड़ों स्कूल हैं, जहां पूरे स्कूल के लिए एक या दो शिक्षक ही उपलब्ध हैं।*

प्रदेशभर में कल बुधवार से स्कूले खुलने जा रही है। जिले में भी इसको लेकर शिक्षा विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी है। सभी सरकारी स्कूलों में मरम्मत का काम जारी है। गणवेश-किताबों के साथ ही विद्यार्थियों को बांटने के लिए साइकिलें भी पहुंच गई है। लाखों-करोड़ों रुपए स्कूल खुलने से पहले ही शासन द्वारा खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन इतना खर्च करने के बाद भी शिक्षा का स्तर सुधरने की संभावना बेहद कम नजर आ रही है।

इसका सबसे बड़ा कारण शालाओं की दृष्टिकोण से सबसे अहम शिक्षकों की व्यवस्था नहीं होना है। जिले में दर्जनभर स्कूलें ऐसी है, जहां पर एक भी शिक्षक ही नहीं है, यह स्कूलें शिक्षकविहीन है। इतना ही नहीं सौ से अधिक स्कूलें ऐसी भी है, जहां पर केवल एक ही शिक्षक की पोस्टिंग हैं, ऐसे में उस पूरी स्कूल की जिम्मेदारी वह अकेला उठाएगा। जिलेभर की बात करें तो करीबन पौने दो हजार पद रिक्त पड़े हैं। इनमें शिक्षकों के साथ ही प्रधान पाठक के पद शामिल हैं। इनको भरे बिना सभी स्कूलों में पर्याप्त शिक्षकों की व्यवस्था हो पाना संभव नजर नहीं आ रहा है।

### खास बातें

- जर्जर स्कूलों में मरम्मत का कराया जा रहा कार्य
- जिले के स्कूलों का बोर्ड परीक्षा में लगातार खराब हो रहा प्रदर्शन



### हो रही अध्यापन व्यवस्था

शिक्षक विहिन और एकल शिक्षकों को लेकर मिली जानकारी के अनुसार शिक्षा विभाग अब इन स्कूलों में अध्यापन व्यवस्था करने के लिए अपने काम में लग गया है। बताया गया कि जिन स्कूलों में अधिक शिक्षक हैं, वहां से शिक्षकों की पोस्टिंग इन स्कूलों में की जाएगी। इसको लेकर एक सूची भी तैयार किए जाने की जानकारी मिली है।

### जिले में 1170 स्कूल

मिली जानकारी के अनुसार प्राथमिक और मिडिल स्कूलों को मिलाकर जिले में कुल 1170 सरकारी स्कूल है। इनमें प्राथमिका शाला में ही 103 स्कूल ऐसे हैं, जहां केवल एक शिक्षक हैं। इनमें राजनांदगांव ब्लॉक में 13, छुरिया में 54, डोंगरगांव में 9, डोंगरगढ़ में 27 स्कूल एकल शिक्षक हैं। ऐसे ही 12 स्कूल शिक्षक विहिन हैं। जिनमें राजनांदगांव ब्लॉक में 2, छुरिया में 5, डोंगरगांव में एक और डोंगरगढ़ ब्लॉक में 4 स्कूल शिक्षक विहिन हैं।

### आधे स्कूलों में प्रधान पाठक नहीं, शिक्षक की कमी से जूझ रहे सरकारी स्कूल

शिक्षकों की कमी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्राथमिक और मिडिल स्कूलों को मिलाकर कुल 5307 पद की स्वीकृति है। इनमें से 1744 पद रिक्त पड़े हुए हैं। इनमें 3050 पद प्राथमिक और 2257 पद मिडिल स्कूल के लिए स्वीकृत हैं। वहीं जिले की 1170 स्कूलों के लिए 1185 प्रधान पाठक के पद स्वीकृत हैं, इनमें 306 पद रिक्त पड़े हुए हैं। वहीं शिक्षकों के कुल 4122 पदों में से 1438 पद रिक्त हैं।

**पहले 18 से खुलने थे स्कूल** : उल्लेखनीय है कि 18 जून से खुलने वाली स्कूलों को शासन ने आगे बढ़ाकर 26 जून से खोलने का ऐलान किया था। कल बुधवार से सरकारी, निजी सहित सभी प्रकार की स्कूलों का संचालन नए सत्र के लिए शुरू हो जाएगा। सरकारी स्कूलों में इससे पहले शिक्षकों की कमी के चलते दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिले के जिन स्कूलों में शिक्षकों की कमी है, वहां पर्याप्त व्यवस्था करने की कवायद हो रही है।

---

# मुड़पार रेत कांड की जांच पूरी कलेक्टर को सौंपी रिपोर्ट

## 20 पन्नों की रिपोर्ट, हो सकती है कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ एसडीएम उमेश पटेल द्वारा मुड़पार में हजारों घनमीटर रेत की जब्ती और बिना नीलामी उसे बेचे जाने के मामले की जांच पूरी हो गई है। अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डे की अगुवाई में गठित जांच टीम ने आज शाम अपनी 20 पन्नों की रिपोर्ट को कलेक्टर संजय अग्रवाल को सौंप दिया है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि इस मामले में प्रशासन द्वारा कल 25 जून को कोई कार्रवाई की जा सकती है।

उल्लेखनीय है कि डोंगरगढ़ एसडीएम उमेश पटेल ने एक जून को एक आदेश जारी कर मुड़पार में करीब सात सौ हाईवा रेत को जब्त किया था। शांति भंग होने की धारा में की गई जब्ती के बाद उसे नीलाम करने के बजाय राजनांदगांव के सप्लायर प्रतीक अग्रवाल और लेखराम साहू को सौंप दिया गया। सप्लायरों ने हटाने के आदेश पर रेत को बाजार में बेच दिया। इस मामले में कांग्रेस ने एसडीएम और सप्लायर के खिलाफ कार्रवाई के लिए ज्ञापन भी सौंपा था। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डे की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच टीम गठित की थी। जांच टीम में श्री मारकण्डे के अलावा खनिज अधिकारी प्रवीण चंद्राकर और कोषालय अधिकारी दिलीप सिंह को शामिल किया गया था। प्रशासनिक सूत्रों ने बताया कि अधिकारियों ने तीन दिनों के भीतर अपनी जांच पूरी कर ली है। जांच प्रक्रिया में मुड़पार के ग्रामीणों के अलावा सरपंच और उपसरपंच, सप्लायर प्रतीक अग्रवाल और लेखराम साहू के भी बयान दर्ज किए गए हैं। जांच टीम ने आज शाम अपनी रिपोर्ट कलेक्टर को सौंप दी है। सूत्रों ने बताया कि कल इस मामले में दोषियों पर कार्रवाई की जा सकती है।

### कांग्रेस का धरना प्रदर्शन आज

लाखों रुपए की रेत चोरी के मामले में दोषियों पर कार्रवाई नहीं किए जाने से नाराज कांग्रेस ने कल 25 जून को धरना प्रदर्शन का ऐलान किया है। दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक कांग्रेस द्वारा तहसील कार्यालय में धरना दिया जाएगा। धरने में विधायक हर्षिता स्वामी, दलेश्वर साहू, पूर्व मंत्री धनेश पटिला, नवाज खान, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, थानेश्वर पटिला, भावेश सिंह, सुदेश मेश्राम, पुष्पा वर्मा, प्रभा साहू आदि उपस्थित रहेंगे।

---

## खबर संक्षेप

### प्रकरणों की सुनवाई 5 जुलाई को

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में राजनांदगांव जिले से प्राप्त महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई 5 जुलाई को सुबह 11 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में की जाएगी। प्रकरणों की सुनवाई आयोग की गठित न्यायपीठ द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक एवं अन्य सदस्यों द्वारा की जाएगी। पक्षकारों को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर सुनवाई हेतु उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### उमस से लोग हलाकान

**राजनांदगांव।** आषाढ माह लगने के बाद भी बारिश की अनियमितता बनी हुई है। जिसके चलते दिनभर धूप-छांव का वातावरण निर्मित है। लोगों को झमाझम बारिश का इंतजार बना हुआ है। बारिश न होने की स्थिति में गर्मी एवं उमस से लोग हलाकान हैं।

### माए एंगल




### दुकान का ताला तोड़कर 60 हजार नकदी की चोरी

**राजनांदगांव।** स्टील रेलिंग वर्कशाप का ताला तोड़कर शटर उठाकर चोर दुकान के भीतर प्रवेश किए और गल्ले में रखे नगदी रकम साठ हजार रुपए को चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बसंतपुर समदा हास्पिटल के बाजू में स्टील रेलिंग का वर्कशाप का 22 जून को अज्ञात चोरों ने शटर का ताला लीवर को काटकर एक तरफ से शटर हटाकर भीतर प्रवेश किए और गल्ले में रखे नगदी रकम 60 हजार रुपए को चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी सयैद सोहेब ने दर्ज कराई है। पुलिस ने इस मामले में धारा 380, 457 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। इधर बसंतपुर थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्र के लोगों में भय व्याप्त होने लगा है।

# ‘ऑक्सीजोन’ में लाखों का जुआ, महाराष्ट्र से लेकर पड़ोसी जिलों से भी आए जुआरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के मोहारा इलाके में स्थित ऑक्सीजोन में जुआं की फड़ सज रही है। शहर के एक स्थानीय व्यक्ति द्वारा पुलिस के संरक्षण में इसका संचालन किया जा रहा है। खास बात यह है कि लाखों रुपए के दांव इसमें लगाए जा रहे हैं, खेलने के लिए खिलाड़ी पड़ोसी राज्यों से भी आ रहे हैं। वहीं दुर्ग-भिलाई, बालोद जैसे जिलों से भी रोजाना जुआंरी इस फड़ में पहुंच रहे थे।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर में ही एक होटल का संचालन करने वाले व्यक्ति द्वारा ऑक्सीजोन में यह फड़ सजाई जा रही है। वहां जुआं खेलने के लिए आने वाले हर व्यक्ति से बकायदा एक तय राशि भी कमीशन के रूप में ली जाती है।

### विस अध्यक्ष के निर्देश दरकिनार

विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पिछले कुछ महीनों में लगातार यह निर्देश दिए हैं कि राजनांदगांव जिले में कहीं भी शराब की अवैध बिक्री के साथ ही जुआं, सट्टा जैसा काला कारोबार का संचालन न हो। बताया जाता है कि एसपी और एएसपी के प्रशिक्षण में जाने के बाद यह पूरा खेल किया गया है। मामले के खुलासे के बाद पुलिस महकमे में भी खलबली मच गई है। ऐसी चर्चा है कि इस मामले में शीघ्र कार्रवाई होगी।

ऑक्सीजोन में सज रही इस फड़ की शिकायत पुलिस के पास भी की गई। पुलिस ने इसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की, ऐसी भी जानकारी सामने आ रही है कि इसकी पूरी सूचना पुलिस के एक अधिकारी के पास है और उनके ही संरक्षण में यह फड़ सज रही थी।

### लाखों रुपए जीत ले गया खिलाड़ी

मोहारा के ऑक्सीजोन में सज रही इस फड़ का इस बात से ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहां जुआं खेलने तीन से चार दर्जन लोग पहुंच रहे थे। लाखों रुपए का जुआं हर दांव में लग रहा था। सूत्रों की माने तो यहां पड़ोसी जिले के एक व्यक्ति ने 60 लाख रुपए से अधिक राशि जीती थी। बताया गया कि सुबह से शाम तक ऑक्सीजोन में जुआं चलने के बाद इसी व्यक्ति द्वारा खुद के एक निजी होटल में रात को जुआं खिलाया जा रहा था। इस जुए के संचालन के बदले कुछ लोगों को मैनेज करने के लिए भी एक तय राशि दी गई थी।

### मतदान के बाद देर शाम मतगणना, सामने आ जाएगा परिणाम

# बार एसोसिएशन का चुनावः अध्यक्ष पद के लिए त्रिकोणीय और सचिव पद में आमने-सामने का मुकाबला, कल मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पद के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबले की स्थिति निर्मित हो गई है। वहीं सचिव पद में दो प्रत्याशियों के मैदान में होने से आमने-सामने की स्थिति है। जिला अधिवक्ता संघ के छह पदों में निर्विरोध निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। वहीं चार पदों पर आगामी 26 जून को मतदान होगा।

जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर प्रत्याशियों ने अपने-अपने स्तर पर प्रचार-प्रचार तेज कर दिया है। अध्यक्ष पद के लिए पूर्व अध्यक्ष मनोज चौधरी, मौलेश तिवारी और नारायण कन्नौजे मैदान में हैं। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए अशोक चौधरी, देवेशदत्त दास वैष्णव और मोरध्वज साहू के बीच त्रिकोणीय मुकाबले की स्थिति निर्मित है। सचिव पद में नरेश कुमार गंजीर और राजेश खांडेकर के बीच सीधा मुकाबला है। वहीं कार्यकारिणी पुरूष के पद पर छह प्रत्याशियों के मैदान में उतरने से कांटे की टक्कर की स्थिति निर्मित हो रही है। इस पद के लिए भागवत साहू, हरिलाल पटवा, महेन्द्र शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, नरेश कुमार शर्मा और वीरेन्द्र मुक्ति चुनावी मैदान में उतरे हुए हैं।

### प्रचार में झोंकी ताकत



जिला अधिवक्ता संघ के 26 जून को होने वाले मतदान के पहले प्रत्याशियों ने प्रचार अभियान में अपनी ताकत झोंक दी है। प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं से डोर-टू-डोर संपर्क कर प्रचार किया जा रहा है। अधिवक्ता संघ के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव को लेकर अच्छा खासा माहौल भी बन गया है।

### 4 पद के लिए वोटिंग

जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और कार्यकारिणी पुरूष के पदों पर मतदान की प्रक्रिया कल 26 जून को होगी। 467 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी उमाकांत भारद्वाज ने बताया कि मतदान के दूसरे दिन 27 जून को मतगणना की जाएगी।

### छह पदों पर निर्विरोध निर्वाचन

जिला अधिवक्ता संघ के छह पदों के लिए एक-एक नामांकन पत्र जमा होने के चलते यहां निर्विरोध निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी की गई। जिला अधिवक्ता संघ में उपाध्यक्ष महिला के पद पर श्रीमती आराधना वर्मा, सहसचिव के पद पर आदित्य स्वरूप गुप्ता, सांस्कृति एवं क्रीड़ा सचिव के पद पर वीरेन्द्र मेश्राम, कोषाध्यक्ष के पद पर बिजेन्द्र कुमार जैन, ग्रंथपाल के पद पर लीलाधर साहू तथा कार्यकारिणी महिला के पद पर प्यारी सिन्हा निर्विरोध रूप से निर्वाचत हुई।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री रोग विभाग
Dr. Siddhi Sainik
MBBS, MD, Obstetrics, Gynecology
उपलब्ध सुविधाएं...
+ सभी उच्च जोखिम वाले गर्भधारण का प्रबंधन
+ सुरक्षित और सफल गर्भावस्था देखभाल
+ सामान्य प्रसव/दर्द रहित प्रसव और सीजेरियन जन्म
+ लैप्रोस्कोपी और कैंसर सहित गाइन सर्जरी
+ बांझपन का उपचार, + हिस्ट्रोस्कोपी
+ स्त्री रोग संबंधी सभी विकारों का उपचार
+ चिकित्सा और शल्य चिकित्सा संबंधी विकार
OPD : 1 PM to 5.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365



## खबर संक्षेप



### ब्रह्माकुमारी सेवा केन्द्र में पौधारोपण

**डोंगरगांव।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र द्वारा मातेश्वरी जगदंबा का पुण्य स्मरण दिवस मनाया गया। सभी भाई बहनों ने राज ऋषि भवन के पास पौधरोपण किया। सभी ने घर, खेत बाड़ी आदि जगहों पर पौधे लगाने का संकल्प लिया। इस दौरान सेवा केंद्र की संचालिका बीके भारती बहन, बीके हेमीन बहन, दिलीप भाई, रमेश भाई, लालदास साहू, गिरीश, नंदकुमार, हरीश, रिकेश, एकलव्य, बोधीराम, सतीश सोनी, दयाराम, भूमिका बहन, मधु, गुनेश्वरी, चित्ररेखा, मुनेम, चन्द्रिका आदि उपस्थित थे।

### शाला भवन का लोकार्पण



**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत कुशियारी में प्राथमिक शाला भवन का लोकार्पण विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने किया। इस मौके पर उन्होंने शाला में शौचालय, मध्यान्ह भोजन शेड के लिए 2 लाख, कोड़ेंनवागांव प्राथमिक शाला में शौचालय के लिए 1 लाख की घोषणा की। कुशियारी में बोर खनन कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में आकाशदीप सिंह, आरती महोबिया, सुशील पांडे, मोहन वर्मा, दुर्गेश द्विवेदी, कैलाश शर्मा, तेजराम वर्मा, अहिमत वर्मा, चंद्रेश यदु, राधेलाल वर्मा, रोहित वर्मा, नागेश वर्मा, नंदलाल वर्मा, उमरलाल वर्मा, रामरतन धुर्वे, केदार वर्मा, गायत्री वर्मा, हिरोदी वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## निधन

### दया भारती

**डोंगरगढ़।** पूर्व विधायक रामजी भारती की माता दया भारती पति स्व.एसडी भारती जिनकी उम्र लगभग 100 वर्ष थी, का निधन गृह ग्राम तेंदूभांटा में 24 जून को हो गया। उनका अंतिम संस्कार तेंदूभांटा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर भाजपा सहित सामाजिकजनों ने शोक व्यक्त किया है।



### आरोप-प्रत्यारोप जारी, हो सकती है दोषियों के खिलाफ कार्रवाई

# रेत मामले में भाजपा-कांग्रेस आमने-सामने, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

हजारों घन मीटर रेत के गायब होने का मामला गरमाने लगा है। भाजपा और कांग्रेस इसे गलत बताते हुए अधिकारियों पर कार्यवाही करने की मांग कर रहे है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेष बघेल एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने भी इस मामले की निंदा किया है। अब जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने एक दूसरे पर आरोप लगाकर राजनीतिक गलियारे में हलचल मचा दिया है। कांग्रेस जहां अधिकारियों को भाजपा नेताओं का संरक्षण होने का दावा कर रही है वही भाजपा रेत कांड में कांग्रेसियों के शामिल होने का आरोप लगा रही है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने थाने में शिकायत कर अपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की, वहीं जिला कांग्रेस कमेटी ने जांच कमेटी बनाकर अधिकारी एवं सम्मिलित लोगो के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

जानकारी के अनुसार मुड़पार में सैकड़ों ट्रीप रेत जप्त किया गया था जो बाद में मौके से गायब हो गई। इस मामले को लेकर अधिकारी जांच के दायरे में आ गए है। संभावना व्यक्त किया जा रहा है कि जल्द ही लिप्त लोगों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही हो सकती है। फिलहाल कलेक्टर के निर्देश पर अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दिया है।

### मुड़पार से सैकड़ों ट्रीप रेत गायब




#### थम नहीं रहा विवाद

मुड़पार जब्त रेत के गायब होने के मामले में रोज नए खुलासे हो रहे हैं। मुड़पार से 59 ट्रिप रेत का उठाव करने का हवाला देकर डेढ़ लाख की रॉयल्टी व जुर्माना जमा कराया गया है। इस मामले को लेकर कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने रविवार को मुड़पार पहुंचकर ग्रामीणों से चर्चा किया। कांग्रेस की जांच में इस बात का खुलासा हुआ कि 59 ट्रिप नहीं बल्कि 600 से अधिक हाइवा रेत पार कर दिया गया है। मुड़पार में नदी व नालों से बड़ी मात्रा में रेत की निकासी कर भंडारण किया गया था। इस आशय की शिकायत मिलने के बाद एसडीएम उमेश पटेल ने राजस्व विभाग के साथ मौके पर पहुंचकर रेत जब्त किया था।

# रेल पटरी के लिए जमीन अधिग्रहण से पहले कराएं सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- रेलवे संघर्ष समिति ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



डोंगरगढ़ से कटघोरा के बीच प्रस्तावित रेल लाइन के लिए भूमि अधिग्रहण के पहले किसान परिवार के सदस्य को नौकरी और उचित मुआवजा दिए जाने की मांग को लेकर रेलवे संघर्ष समिति सहित सारंगपुर के किसानों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है।

जिला कार्यालय पहुँचे रेलवे संघर्ष समिति और सारंगपुर के किसानों ने कलेक्टर के नाम सौंपे ज्ञापते हुए कहा कि 2018 में प्रस्तावित डोंगरगढ़ से कटघोरा रेलवे लाइन की प्रक्रिया छह साल बाद फिर शुरू होने वाली है। रेलवे लाइन में बड़ी संख्या में किसानों की जमीनें आ रही है। जिन किसानों की जमीनों का रेलवे लाइन के लिए अधिग्रहण किया जाना है उस किसान परिवार के एक सदस्य को राज्य अथवा केन्द्र सरकार द्वारा नौकरी देने के साथ अधिग्रहित जमीन का उचित मुआवजा दिया जाना आवश्यक है। किसानों ने बताया गया कि 2018 में रेलवे लाइन का भूमिपूजन किए जाने के बाद से जिन जिन किसानों की जमीन इसकी जद में आ रही थी उन किसानों की जमीनों की खरीदी-बिक्री और फौती उठाने की प्रक्रिया रोक दिया गया है। इस दौरान कई किसानों की जमीनों का बंटवारा हो चुका है तो कईयो ने बोर खनन सहित मकान दुकान बना लिया है। इसके चलते अगर अधिग्रहण की प्रक्रिया फिर से शुरू होगी तो इन किसानों के सामनें बड़ी समस्या खड़ी हो जाएगी। कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में डोंगरगढ़ कटघोरा रेलवे लाइन के भूमि अधिग्रहण के पहले ही जद मे आने वाले खेतों और जमीनों का फिर से सर्वे करने, अधिग्रहण के दौरान ही उचित मुआवजा राशि दिलाने और किसान परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की है।

# छात्रावासों में सभी व्यवस्था रखें पुख्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



कलेक्टर एस जयवर्धन ने सभाकक्ष में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के संचालकों एवं छात्रावासों एवं आश्रमों के अधीक्षकों की बैठक ली। कलेक्टर ने शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पूर्व इन संस्था संचालको की बैठक लेकर संस्था के संचालन, उपलब्ध संसाधन, बेसिक आवश्यकता, शैक्षणिक गतिविधियों, परीक्षा परिणाम पर विस्तृत चर्चा कर जरूरी निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि जिले के बच्चों को शैक्षणिक गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने और उज्जवल भविष्य को सुदृढ़ करने के लिए संस्था संचालक उच्च स्तरीय शैक्षिक गतिविधियों का संचालन करते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य योजना बनाएं। उन्होंने बैठक में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए सभी मूलभूत सुविधा सुनिश्चित करते हुए शैक्षणिक विकास करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने छात्रावास एवं आश्रम में निवासरत विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक गतिविधियों के साथ ही अन्य विविध गतिविधियों में परंपरागत करते हुए उनका बेसिक विकास करने के निर्देश दिए। जिन संस्थाओं में प्रोजेक्टर प्रदाय किया गया है, उसके माध्यम से ज्ञानवर्धक व मनोवैज्ञानिक ढंग से शैक्षणिक विकास करने कहा गया है। कलेक्टर ने कहा कि इन संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए एक माहौल तैयार किया जाकर नवोदय विद्यालय जैसे संस्थानों में प्रवेश लेने के लिए विशेष ध्यान दें।

#### पौष्टिक आहार दें बच्चों को

कलेक्टर ने संस्थाओं में आवश्यक पोषक-पोषण युक्त पौष्टिक आहार पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आहार को लेकर कहीं भी कोई शिकायत न आए, इसका विशेष ध्यान रखे। शैक्षणिक सत्र के दौरान बिना अनुमति के शैक्षणिक अथवा पर्यटन भ्रमण के लिए नहीं ले जाने कहा गया है। छात्रावास एवं आश्रमों का उपयोग किसी सामाजिक अथवा अन्य कार्यक्रमों के लिए नहीं करने के निर्देश दिए गए। बालिका छात्रावास एवं आश्रमों की सुरक्षा में कोई भी चुक ना हो इसका कड़ाई से पालन करने निर्देश दिए गए। बैठक में सहायक आयुक्त श्रीकांत दुबे, जिला शिक्षा अधिकारी फत्तेराम कोसरिया, एकलव्य प्राचार्य टीएस कारटे, शिक्षाविद संजय जैन, नारायण खण्डेलवाल, मंडल संयोजक दानेश्वर, मानपुर डिलेश्वर, अधीक्षक विकास मानिकपुरी, अधीक्षिका प्रमिला कडियाम, पालक समिति के अध्यक्ष सुरेश उइके आदि उपस्थित थे।

# मालवाहकों से लोगों की आवाजाही

### कवर्धा घटना से प्रशासन ने नहीं लिया सबक



**गंडई पंडरिया।** करीब एक माह पहले कवर्धा के बाहपानी में मालवाहक के पलटने से 19 लोगों की जान चली गई थी। इस घटना ने पूरे छत्तीसगढ़ को हिला दिया था।

इस घटना के बाद कुछ और घटनाएं सामने आई थी। लगातार घटना के बाद जागे प्रशासन ने मालवाहक से लोगों के लाने ले जाने पर रोक लगाने कार्यवाही आरंभ किया था।

जानकारी के अनुसार जिले के विभिन्न थानों में एसपी और एएसपी के मार्गदर्शन गत 30 मई तक 121 मालवाहक वाहनों पर चलानी कार्यवाही किया गया था। 7 वाहनों की जप्त कर न्यायलय में प्रकरण पेश किया था। उल्लेखनीय है कि 18 से 24 जून तक पं. प्रदीप मिश्रा के शिवमहापुराण कथा का आयोजन नगर में किया गया था। इस कार्यक्रम में एसपी त्रिलोक बंसल,एएसपी नेहा पांडेय सहित पुलिस के बड़े छोटे अधिकारियों का हर दिन आना जाना होता रहा। सुरक्षा के लिए 2 सौ से अधिक जवानों की तैनाती किया गया था। जगह- जगह बेरिकेट्स लगाए गए थे जिसमें पुलिस, ट्रेफिक के जवान की ड्यूटी लगाई गई थी। बड़ी संख्या में जवानों की तैनाती के बाद मालवाहकों से लोगों को भर-भरक लाया गया और पुलिस प्रशासन मूक दर्शक बना रहा।

#### कार्रवाई जारी रहेगी

ट्रैफिक विभाग के प्रभारी शक्ति सिंह ने इस मामले में गोलमोल जवाब देते हुए कहा कि कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# प्रवेशोत्सव में शामिल होंगे अधिकारी

**खैरागढ़।** शिक्षा सत्रारंभ के पहले दिन जिले के सभी सरकारी स्कूलो में निरीक्षण करने जिला प्रशासन ने नोडल अधिकारियों को तैनात किया है। शाला प्रवेशोत्सव आयोजन को लेकर उक्त नोडल अधिकारी शालेय व्यवस्था का अवलोकन करेंगे जिसमे दर्ज संख्या, उपस्थित बच्चे, शिक्षकों की नियुक्ति, स्वीकृत पद और जनसमुदाय की मौजूदगी को लेकर निर्धारित प्रपत्र मे डीईओ आफिस में जानकारी जमा करेंगे।

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने प्रवेशोत्सव के सफल आयोजन सहित खैरागढ़ ब्लाक के अचानकपुर संकुल अंतर्गत आने वाले स्कूलो के निरीक्षण के लिए लोनिवि एसडीओ बलविंदर सिंह कंडा, अमलीडीह कला संकुल के लिए लोनिवि एसडीओ संजय जागृत, अमलीपारा संकुल के लिए एसडीओ फारेस्ट मोना माहेश्वरी, बाजार अतरिया के लिए उप संचालक समाज कल्याण विभाग गणेशराम वर्मा, बफरा के लिए वकृविअ चंद्रप्रकाश नायक, बैहाटोला आरईएस एसडीओ रामकृष्ण राठौर, बल्देवपुर अकृविअ जीवनलाल चंद्रवंशी, भंडारपुर ग्राकृविअ ओमप्रकाश पटेल, चिचोला संकुल के लिए सहा पंजीयक रधुराज सिंह, दपका एसडीओ पिपरिया केनाल एमआर रामेटेके, देवरी उप अभियंता आरईएस हेमेंद्र चंद्रा, डोकराभाठा उप अभियंता सिंचाई लाकेश वर्मा, गातापार जंगल रेंजर रमेश टंडन, गातापारकला एसडीओ सिंचाई केके द्विवेदी, ईटार सहा परियोजना अधिकारी प्रकाश तारम, जोरातराई गरिमा शोरी, कामठा उप अभियंता नपा दीपाली तंबोली मिश्रा, कांचरी विविअ जनपद अरूण सिंह, करमतरा डिप्टी रेंजर सलीम मोहम्मद कुरैशी, खैरागढ़ एक हुलसी साहू, खैरागढ़ दो मोहित कुमार बजरंग, खैरागढ़ तीन यशपाल वर्मा, कुरूभाठ विनोद सागर, लछना मनीष चंदेहे, लिमतरा लवकुश विश्वकर्मा, मड़ौदा आशीष खत्री, मंडला आरती उइके, मरकामटोला चंद्रकुमार उइके, मुढ़ीपार इंदलाल, पांडादाह मनीष धुरव, पिपरिया पल्लवी सिंह गौर, प्राकशपुर उेनिश पात्रे, सलोनी पूजा शोरी, सिंघौरी उपेंद्र वर्मा, ठेलकाडीह कोमल बारले, टोलागॉव ईश्वरी बंछोड़ और विक्रमपुर भुनेश्वर चेलक को जिम्मेदारी दी गई है।

# आरक्षण बहाली की मांग, विधायक को सौंपा ज्ञापन

- देशव्यापी चरणबद्ध आंदोलन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति संगठन द्वारा पदोन्नति में आरक्षण की बहाली की मांग को लेकर देशव्यापी चरण बद्ध आंदोलन किया जा रहा है। गत 24 जून तक विधायक एवं सांसदों को ज्ञापन सौंपा गया। इसी क्रम में अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक नीलांबर यशोदा वर्मा से अमलीपारा कार्यालय में मुलकात कर ज्ञापन सौंपा।

जिला उपाध्यक्ष संतोष नेताम ने बताया कि प्रदेश में 2019 से बिना नियम रोस्टर के पदोन्नति की प्रक्रिया जारी है। माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में दया विषयांकित याचिका पर आदेश पारित करते हुए कहा है कि पद्वति में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण नीति केवल माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विभिन्न आधिकारिक घोषणाओं में मात्रात्मक हेड इफेक्ट करने के लिए निर्धारित मापदंडों के आधार पर और भारतीय संविधान के अनुच्छेद 16 (4)और (क) के तहत निहित प्रावधानों के आधार पर बनाई जा सकती है। इस आदेश के संबंध में छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग ने समस्त विभाग अध्यक्ष को निर्देशित करते हुए पदोन्नति की प्रक्रिया को पूर्ण करने कहा है। संगठन ने सरकार से समाधान कारक नियम बनाकर पदोन्नति में आरक्षण देने की मांग किया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला अध्यक्ष बहादुर सिंह खुसरो, उपाध्यक्ष संतोष नेताम, ब्लॉक अध्यक्ष संजीव कुमार ध्रुव, लालाराम मरावी, कोषाध्यक्ष कुशाल धुर्वे, चंदन धुर्वे, सचिव पूरन सिंह ठाकुर, सदस्य निमेष सुधाकर, सुरेश भंडारी, दीनदयाल सोरी, तरण धुर्वे, अनिल धुर्वे, बसंत नेताम, संजय कुमार नेताम, अनिक धुर्वे मौजूद थे।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विविध आयोजन

# निरोग रहने के लिए लोगों ने किया योग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़





नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ में 19 से 21 जून तक योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती के निर्देशन, एनसीसी एवं रासेयो के तत्वावधान में योग दिवस मनाया गया। योगाचार्य संतराम वर्मा ने प्राणायाम, ताड़ासन, पाद हस्त आसन, त्रिकोणासन भद्रासन, वज्रासन, शशांक आसन, मकरासन, भुजंगासन शवासन आदि का अभ्यास कराया। प्राचार्य डॉ. रेवती ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर क्रीड़ा अधिकारी डॉ.एमएल नंदेश्वर, सहायक प्राध्यापक आरआर कोचे, जीके यादव, सोनाली लोया, ओमप्रकाश वर्मा, हेमुराम पदमे, बेदप्रकाश साहू, नितिन शांडिल्य, बिसराम मंडावी, केजी सोनकर, विवेक श्रीवास, सुशील सोनवानी, शैलेन्द्र यादव, जेआर साहू सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

#### विद्यार्थियों ने किया योग

**छुरिया।** शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे के निर्देशन, एनएसएस एवं एनसीसी के तत्वावधान मे योग दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्राचार्य श्रीमती चौरे ने कहा कि सभी देश योग के महत्व को समझते हुए योग दिवस मनाते है। योग करना शरीर एवं मस्तिष्क के लिए लाभदायक है। योग शरीर को रोग मुक्त रखता है। इस दौरान नरेन्द्र कुमार उमरिया, एनसीसी प्रभारी दीपिका धुरवे ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर एनसीसी कैडेटस एवं स्वयंसेवकों ने योग का अभ्यास किया।

#### पांच दिवसीय योग शिविर का समापन

**ठेलकाडीह।** संचालक आयुष छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशन एवं राष्ट्रीय ग्रामीण मिशन के तहत जिला आयुर्वेद अधिकारी के मार्गदर्शन में आयुष हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर पदुमतरा में पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। समापन जनपद सदस्य ओमप्रकाश साहू के मुख्य आतिथ्य एवं सरपंच ललिता साहू की अध्यक्षता में हुआ। विशिष्ट अतिथि मोहन साहू, दुर्गाराम साहू थे। योग प्रशिक्षक इन्द्राणी साहू ने योग का अभ्यास कराया। छात्राओं द्वारा योग डांस प्रस्तुत श्या जिन्हे अतिथियों ने उपहार प्रदान किया। अंत में शिविर प्रभारी डॉ हर्षा दुबे ने आभार प्रकट किया। शिविर में सतीश कुमार, शांति यादव, लीना यादव, एन जोशी आदि उपास्थित थे।



# लकड़ी जब्ती की कार्रवाई के बाद भी सवालों के घेरे में वन विभाग

- रामाटोला से बरामद किया लकड़ी, आरा मशीन सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए वन विभाग ने एसडीओ के नेतृत्व में रामाटोला में लाखों की लकड़ी जप्त करने के साथ आरा मशीन को सील कर दिया है। कार्रवाई के बाद स्थानीय अधिकारियों ने अपेक्षित कार्यवाही नहीं किया है। इस कार्रवाई को विभाग भले ही अपनी उपलब्धि मान रहा है किन्तु अभी वह सवालों के घेरे में । शहर की फर्नीचर दुकानों में अवैध लकड़ियों का उपयोग कर फर्नीचर बनाकर बेचा जा रहा है।

रामाटोला आरा मिल में जप्त लकड़ी को लेकर वन विभाग खुद कठघरे में आ गया है। इस आरा मशीन में लंबे समय से इमारती लकड़यिों का कारोबार चल रहा था जिसकी जानकारी वन विभाग के कर्मचारियों को भी थी। वर्तमान में आरा मशीन में जो लकड़ी पकडाई है उसे कुछ कर्मचारियों ने सप्लाई किया था। उल्लेखनीय है कि 2022-23 में तीसरी रेल लाइन निर्माण के दौरान बड़ी संख्या में पेड़ की कटाई की गई किथी। आधे से ज्यादा पेड़ो की लकडियों को आसपास के गांव में बेच दिया गया था। वहीं इमारती लकड़यिों को रामाटोला, लाल बहादुर नगर क्षेत्र के आरा मशीनों में खपा दिया गया था।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

## खबर संक्षेप



### पेंशनर्स एसो. के प्रतिनिधि मंडल ने की मुलाकात

**राजनांदगांव।** पेंशनर एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी से समस्या के निराकरण के लिए मुलाकात की। रामाधार प्रधानपाठक पूर्व मा.शाला मोखला 30 जून 2023 को सेवानिवृत्त हुए हैं। इनको संयुक्त संचालक दुर्ग के आदेश के अनुसार समयमान वेतनमान पेंशन में जोड़कर दिया जा रहा है। जबकि इनकी पात्रता 19 दिसंबर 2018 से देश है, निर्धारित होना चाहिए। 9 दिसंबर 2018 से 30 जून 223 तक समयमान वेतनमान की एरियर्स राशि भुगतान की कार्रवाई अपेक्षित है। उक्त जानकारी देते बीटी वाल्दे ने बताया कि इस संबंध में पेंशनर्स एसोसिएशन प्रतिनिधि मंडल जिला अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी जायसवाल एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जायसवाल से मिलने गए। दोनों अधिकारियों ने आज ही एरियर्स बिल बनाने का आदेश संबंधित लिपिक को दिया। इस पर समस्त पेंशनर्स ने दोनों अधिकारियों को धन्यवाद देते आभार व्यक्त किया है। प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष डीएन साहू, सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर, प्रांतीय महामंत्री केपी सिह, उपाध्यक्ष आरके दुबे, नगर अध्यक्ष बीटी वाल्दे, जिला महासचिव जीआर देवांगन, कोषाध्यक्ष गैंदराम देवांगन शामिल थे।

### 26 को रवाना होंगे जिले के 93 तीर्थयात्री

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव जिले के 93 तीर्थयात्रियों का दल 26 जून को श्री रामलला दर्शन (अयोध्याधाम) के लिए रवाना होंगे। चयनित तीर्थयात्रियों को दुर्ग रेलवे स्टेशन से स्पेशल ट्रेन द्वारा श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) की यात्रा के लिए ले जाया जाएगा तथा यात्रा पश्चात तीर्थयात्रियों की 29 जून को देर रात रेलवे स्टेशन पर वापसी होगी। तीर्थयात्रियों को 26 जून को सुबह 8 बजे जिला पंचायत भवन राजनांदगांव से रेलवे स्टेशन दुर्ग के लिए रवाना किया जाएगा। तीर्थयात्रियों को सुबह 8 बजे के पूर्व जिला पंचायत भवन राजनांदगांव पहुंचने का आग्रह किया गया है। उप संचालक समाज कल्याण ने बताया कि श्री रामलला दर्शन (आयोध्य धाम) दर्शन के लिए निकायों से प्राप्त सूची अनुसार जनपद पंचायत राजनांदगांव से 18 यात्री, जनपद पंचायत डोंगरगांव से 17 यात्री, जनपद पंचायत डोंगरगढ़ से 16 यात्री, जनपद पंचायत छुरिया से 18 यात्री, नगर पालिक निगम राजनांदगांव से 7 यात्री, नगर पंचायत डोंगरगांव से 5 यात्री, नगर पंचायत छुरिया से 5 यात्री, नगर पालिका डोंगरगढ़ से 5 यात्री एवं 2 अनुरक्षक (एस्कार्ट) शासकीय कर्मचारी सहित कुल 93 यात्रियों को भेजा जाएगा। यात्रियों की सुविधा के लिए उप संचालक समाज कल्याण के सहायक ग्रेड-3 सुनील कुमार चुरेन्द्र एवं उप संचालक पंचायत के सहायक ग्रेड-3 लोकेश्वर सिन्हा की अनुरक्षक (एस्कार्ट) के रूप में ड्यूटी लगाई गई है।

## जिले में चले रहे पोट्ठ लईका अभियान में शामिल हुए कलेक्टर


# सुपोषण की श्रेणी में लाने बच्चों को दें पौष्टिक भोजन : कलेक्टर

### सुपोषित बच्चों की माताओं को श्रीफल देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल जिले में चले रहे पोट्ठ लईका अभियान के अंतर्गत पालक चौपाल कार्यक्रम में ग्राम अर्जुनी, अमलीडीह और करेठी के आंगनबाड़ी केन्द्र पहुंचे। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित थी। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जिले में कुपोषण मुक्ति के लिए पोट्ठ लईका विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि कम वजन वाले बच्चों के वजन में वृद्धि कर सुपोषण श्रेणी में लाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। बच्चों के वजन में वृद्धि करने और सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए पोट्ठ लईका पहल अंतर्गत पालक चौपाल का प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पालक चौपाल में कुपोषित बच्चों के पालकों को स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर उन्होंने सुपोषित बच्चों की माताओं को श्रीफल देकर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्र नियमित भेजने के लिए कहा। उन्होंने पालक चौपाल में उपस्थित सभी को गांव के सभी बच्चों, गर्भवती माताओं, शिशुवती माताओं, किशोरी बालिकाओं और सभी ग्रामवासियों को स्वस्थ और सुपोषित रखने तथा सुपोषण ग्राम निर्माण के लिए संकल्प दिलाया। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं स्कूल परिसर में मुनगा, नीबू, आंवला, पपीता, केला एवं फलदार पौधे लगाने कहा। जिससे फल स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो जाएगा। उन्होंने इसके अलावा घरों की बाडिय़ों में भी फलदार पौधे लगाने कहा।





### तिरंगा भोजन की दी जानकारी

सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने तिरंगा भोजन के संबंध में उपस्थित शिशुवती माताओं, गर्भवती महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को जानकारी दी। उन्होंने तिरंगा भोजन को बच्चों के लिए पौष्टिक आहार बताया। उन्होंने कहा कि तिरंगा भोजन में केशरी रंग वाले खाद्य पदार्थों में दाल, सोयाबीन, चना, मीट आता है। इससे प्रोटीन मिलता है, जो शरीर को मजबूत करता है। सफेद रंग वाले खाद्य पदार्थों में चावल, गेंहू, दूध, पनीर, अंडा को शामिल किया गया है, शरीर में ऊर्जा देता है और हरा रंग में हरी सब्जियों का सेवन करना चाहिए। उन्होंने तिरंगा भोजन को संतुलित सुपोषित भोजन बताया। उन्होंने शिशुवती माताओं, गर्भवती महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने कहा। उन्होंने उन्होंने महिलाओं और किशोरी बालिकाओं को प्रति शुक्रवार को अवश्य आंगनबाड़ी केन्द्र आने के लिए कहा। उन्होंने गांव के खाली स्थानों में पौधरोपण करने कहा। इस दौरान एसडीएम डोंगरगांव मनोज मरकाम, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरूप्रीत कौर, सीईओ जनपद पंचायत नवीन कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### पोषण रंगोली की प्रशंसा

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने आंगनबाड़ी में बनाए गए पोषण रंगोली की प्रशंसा की। उन्होंने शिशुवती माताओं से कहा कि पोषण रंगोली में उपयोग किए गए खाद्य सामग्री सभी सुपोषण भोजन में आता है। इसका सेवन अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी को स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए। बच्चों खिलाने और स्वयं के खाने से पहले साबुन से हाथ अच्छे से धोना चाहिए। स्वच्छता का ध्यान रखेंगे तो बीमारी पास नहीं आएंगी। उन्होंने कहा कि घर का कचरा स्वच्छता दीदी को देना है। जिससे कचरा अच्छे से कम्पोस्ट किया जा सके। इससे गांव में गंदगी नहीं होगी और गांव स्वच्छ रहेगा। उन्होंने सुपोषित बच्चों के पालकों को अपने बच्चे के खान-पान में ध्यान रखने के लिए श्रीफल देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से सुपोषित बच्चों के खान-पान में ध्यान रखा गया है, उसी तरह अन्य कम वजन वाले बच्चों के खान-पान में विशेष ध्यान देने के लिए पालकों को प्रोत्साहित किया।

### अच्छे खानपान से बच्चों का बढ़ाया जा सकता है वजन

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पोट्ठ लईका पहल अंतर्गत पालक चौपाल में बच्चों के पालकों को बहुत ही सरल तरीके से अपने बच्चे को अच्छे खान-पान से बच्चों में वजन बढ़ाने के संबंध में जानकारी दी। इसके साथ ही स्वच्छता रखने के तरीके भी बताए। उन्होंने बच्चों के साथ-साथ शिशुवती माताओं, गर्भवती महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को भी पौष्टिक भोजन और स्वच्छता रखने के तरीके बताएं। उन्होंने कहा कि कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए उचित खान-पान की जरूरत होती है। बच्चों को प्रोटीन, विटामिन, आयरन से भरपूर खाद्यान्न सामग्री सेवन कराना चाहिए। उन्होंने बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए पालकों को तरीके बताए। उन्होंने पालकों से कहा कि हमारे आस-पास बहुत सारी खाद्य साग्रमी होती है जो बहुत पौष्टिक और प्रोटीन युक्त होता है। जिसका सेवन अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मौसमी फल सभी गांवों में मिलता है उसे खिलाना चाहिए। बच्चों को हरी सब्जी, दाल, भाजी, पपीता, केला जैसी खाद्य वस्तुओं को खिलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों में खाने के लिए आदत डालना है। उन्होंने बच्चों के साथ गर्भवती महिलाओं एवं शिशुवती माताओं को पौष्टिक आहार सेवन करने की सलाह दी। जिससे उनका स्वास्थ्य अच्छा रहे। उन्होंने कहा कि बच्चों को थोड़ा-थोड़ा भोजन प्रत्येक 2-2 घंटे के अंतराल में देना चाहिए। बच्चों को दलिया, ओट्स खिलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे घर के आस-पास सभी खाद्य वस्तुए मिल जाती हैं, इसका सेवन अवश्य कराना चाहिए। उन्होंने बच्चों को हरी सब्जी, दाल, सलाद, चावल, फल, पपीता, केला खिलाना है। उन्होंने बच्चों को तिरंगा भोजन देने कहा जिससे उन्हें पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन, ऊर्जा, विटामिन मिल सके।

# स्वीकृत निर्माण कार्य करें प्रारंभ पौधारोपण के लिए खोदे गड्ढा

## आयुक्त ने अधिकारियों की ली बैठक

**राजनांदगांव।** नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने गुरुवार को तकनीकी अधिकारियों की बैठक लेकर सहायक अभियंताओं एवं उप अभियंताओं से शहर में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी लेकर कार्य में तेजी लाकर समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने तथा वार्डवार निर्माण कार्यों की जानकारी लेकर अधूरे कार्य एवं निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं करने वाले ठेकेदारों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही नगर में वृहद वृक्षारोपण के लिए गड्ढा खोदने व अन्य तैयारी करने कहा।

बैठक में आयुक्त गुप्ता ने पिछली बैठक की प्रगति की जानकारी के साथ-साथ शहर में चल रहे निर्माण कार्यों की वार्डवार जानकारी लेकर समस्त निर्माण कार्य में तेजी लाकर समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने वर्षा ऋतु को ध्यान में रखकर शहर में लगे बड़े-बड़े होर्डिंग्स की जांच करने उप अभियंताओं को निर्देशित करते कहा कि जांच कर संबंधित से सुरक्षा संबंधित प्रमाण पत्र लें। उन्होंने थोक बाजार निर्माण हेतु किए जा रहे कार्रवाई की जानकारी लेकर भूमि के लिए संबंधित से बात कर आगे की प्रक्रिया करने के निर्देश दिए। साथ ही एजुकेशन हब के काम चालू कराने निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने वार्ड के उद्यानों का संधारण करें, सार्वजनिक स्थल जहां शासकीय भूमि है, जिसमें अतिक्रमण होने की संभावना है, उसे चिन्हांकित कर फेंसिंग करें व वृक्षारोपण करें। बैठक में प्र.कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव, प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता दिलीप मरकाम व पिंकी खाती, उप अभियंता दीपक महला, गरिमा वर्मा, सुषमा साहू, ज्योति साहू, आयुषी सिंह, अनिमेष, तिलक राज, अशोक, डागेश्वर कर्ष, अनुप पांडे, राहुल ठाकुर उपस्थित थे।

### कार्यों में गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान

आयुक्त गुप्ता ने शहर में चल रहे निर्माण कार्य के प्रगति की वार्डवार जानकारी लेकर कहा कि निर्माण कार्यों में तेजी लाएं तथा कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि कार्य प्रारंभ नहीं करने वाले तथा अधूरे कार्य करने वाले ठेकेदारों को नोटिस जारी करें। इसके अलावा गुणवत्ताहीन कार्य करने वाले ठेकेदारों को कार्य ठीक करने नोटिस जारी करें, कार्य ठीक होने के पश्चात ही बिलींग की कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी फील्ड में रहकर कार्यों की मानिटरिंग करेंगे, कार्य की प्रगति से उच्च अधिकारियों को अवगत कराएंगे और पीडब्लूडी गाईड लाईन के आधार पर स्तरबद्ध कार्य करेंगे तथा शासन को उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजना सुनिश्चित करें। जिससे शेष कार्य कराने राशि जारी हो सके।

### नल कनेक्शन लगाने के दिए निर्देश

आयुक्त श्री गुप्ता ने वृक्षारोपण के लिए कहा कि अपने-अपने प्रभारित वार्ड में स्थल चयन कर पेड़ लगाने गड्ढा खोदे। उन्होंने कहा कि रानीसागर, बूढ़ासागर के किनारे, त्रिवेणी परिसर, आरके नगर रोड, बसंतपुर रोड आदि क्षेत्रों में गड्ढा खोदा जा रहा है, जहां वृक्षारोपण करना है। वृक्षारोपण के लिए पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियों से सम्पर्क करें। उन्होंने कम्पोस्ट पीठ तैयार करने, बूढ़ासागर में गंदा पानी जाने रोकने डीएमएफ मद में प्रस्ताव भेजने कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके को निर्देशित किया। एसएलआरएम सेंटर में जहां नल कनेक्शन नहीं है, वहां नल लगाने कहा। बारिश के पूर्व विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सहायक अभियंताओं से कहा कि विधायक, सांसद निधि, मुख्यमंत्री घोषणा, महापौर व पार्षद निधि एवं अन्य योजनांतर्गत चल रहे कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करें तथा पूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यों की शासन को उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजना सुनिश्चित करें, जिन कार्यों की उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं भेज पाए हैं, उसे तत्काल भेजना सुनिश्चित करें।

# विस अध्यक्ष को क्षेत्र की बताई समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

- संबंधित विभागों को किया निर्देशित



क्षेत्र के विधायक व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से निज निवास रायपुर में भेंट कर एक प्रतिनिध मंडल ने ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान ग्राम अंजोरा में उप धान खरीदी केंद्र को पूर्ण मान्यता देकर अंजोरा में धान खरीदी केंद्र खोलने की मांग की गई, ताकि आस पास के किसानों को धान बेचने के लिए सोमनी सोसायटी में लंबी कतार लगा कर धान बेचना न पड़े। साथ ही सोमनी में हो रही अवैध फेक्ट्री के निर्माण को जल्द रोक लगाने की मांग, सुगरी क्षेत्र मुढ़पार मार्ग जर्जर हो चुके को नया सड़क निर्माण, सुरगी क्षेत्र में बढ़ रहे अवैध शराब, जुआ, सट्टा पर जल्द अंकुश लगाने की मांग को लेकर भेंट कर डा. रमन सिंह को अवगत कराया गया। श्री सिंह ने सभी मांगों पर त्वरित एक्शन कर सभी सम्बन्धित विभागों को निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य तौर पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष लीलाधर साहू, भाजपा ग्रामीण महामंत्री कृष्णा तिवारी, भाजपा ग्रामीण उपाध्यक्ष मनहरण साहू, शक्ति केंद्र प्रभारी गुरुचरण सिन्हा आदि भाजपा कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

## मीसाबंदियों व परिजनों का सम्मान आज

**राजनांदगांव।** भाजपा की ओर से कल 25 जून को आपातकाल की 49वीं बरसी पर "लोकतंत्र की हत्या" विषय पर दोपहर 2 बजे एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस विचार गोष्ठी में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहेंगे। भाजपा मीडिया सेल के अनुसार जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने बताया कि कल ही के दिन 1975 में तत्कालिन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उनके खिलाफ हाईकोर्ट द्वारा दिए गए फैसले पर देशभर में आपातकाल लागू कर दिया गया था। देशभर के तमाम छोटे व बड़े नेता जेल के सीख्चों में बंद कर दिए गए थे। हजारों-हजार लोगों को गिरफ्तार कर 19 महीनें बंद रखा गया। देशभर में सेंसरशिप लागू कर दी गई थी। समाचारों पर भी बेन था, पूरी तरह से लोकतंत्र को समाप्त कर दिया गया था। इस दौरान पार्टी के अनेक नेताओं की असमय मृत्यु हुई थी। लोकतंत्र पर हुए इस कुठाराघात को याद करने व काला दिन बताने भाजपा कार्यालय में कल विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है। जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ आम कार्यकर्ता भी भाग लेंगे। गोष्ठी के पश्चात मीसाबंदियों व उनके परिजनों का पार्टी द्वारा सम्मान होगा।

## शिक्षा के क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों के बारे में बताया

# युगांतर में दीप्ति ने ली एनएलपी वर्कशाप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

युगांतर पब्लिक स्कूल में शिक्षकों के लिए एनएलपी पर आधारित एक दिवसीय वर्कशाप आयोजित हुई। वर्कशाप को एनएलपी ट्रेनर दीप्ति बिंदल ने न्यूरो लिंगविस्टिक प्रोग्राम के जरिये शिक्षा के क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के गुर बताए।

वर्कशाप का परिचय देते दीप्ति बिंदल ने बताया कि शिक्षा नीति में नित नए परिवर्तनों को कैसे स्वीकार किया जाए। जिससे हमारा व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास हो सके। उन्होंने बताया कि शिक्षकों व विद्यार्थियों को सम्मोहित करने उनके अवचेतन मन की जानकारी होनी चाहिए। उनके लिए सदैव सकारात्मक कमेंट्स करने चाहिए। विद्यार्थियों के कार्य की समीक्षा, परंतु जैसे शब्दों से न करके और जैसे शब्दों से करनी चाहिए। विद्यार्थियों के कार्यों की समीक्षा के दौरान सकारात्मक विचार रखना जरूरी होता है। जिससे उनके कार्यों में सुधार हो सके।





वर्कशाप के आयोजन को लेकर विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, अजय सिंगी, नरेंद कोटड़िया, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह सहित युगांतर परिवार ने हर्ष प्रकट किया है।

### शिक्षकों को नई रोचक गतिविधियां कराई

दीप्ति बिंदल ने शिक्षकों को सकारात्मकता अपनाने ऊर्जा से भरपूर कई रोचक गतिविधियां कराई। शिक्षकों ने इस आयोजन का भरपूर लुत्फ उठाया। वर्कशाप के उपरांत शिक्षकों ने वर्कशाप की भूरि-भूरि प्रशंसा की। प्राचार्य मधु पी. चौधरी ने बताया कि आयोजन उत्साह और ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। शिक्षा के क्षेत्र में आई चुनौतियों का सामना करने इस तरह के वर्कशाप महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने वर्कशाप की सफलता पर दीप्ति बिंदल को बधाई दी।



24x7 EMERGENCY SERVICE 1800-889-2092
आरोग्यम्
सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्वस्थ जीवन के लिए सदैव समर्पित
मध्य भारत का एकमात्र किडनी एवं मूत्र रोग संस्थान



यूरोलॉजी & नेफ्रोलॉजी की सुविधा उपलब्ध | अत्याधुनिक लेप्रोस्कोपिक सेंटर | किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा उपलब्ध | अत्याधुनिक डायलिसिस यूनिट



सभी प्रकार की स्टोन का टीटमेंट | एडवांस आईसीयू | 24 घंटे रेडियोलॉजिकल एवं डायग्नोस्टिक लैब | 3 एडवांस मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर

यूरोलॉजी & नेफ्रोलॉजी
डॉ. नवीन राम दारुका — M.CH (UROLOGY) BHU (पथरी, मूत्र रोग विशेषज्ञ & किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन)
डॉ.आर. के. साहू — MD (MEDICINE) NEW DELHI, DM (NEPHROLOGY) KOLKATA (किडनी ट्रांसप्लांट फिजिशियन)
डॉ. एस.के. सेठी — MD (MEDICINE) (कंसल्टिंग फिजिशियन इन जनरल मेडिसिन एंड नेफ्रोलॉजी)
डॉ. रेखराज साहू — DNB (UROLOGY), KIMS (पथरी, मूत्र रोग विशेषज्ञ & किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन)

ट्रामा यूनिट
डॉ. तरुण के नायक — M.S., F.R.C.S (GLASGOW) (जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन)
डॉ. कुलदीप सिंह — MS, M.CH (NEUROSURGEON) (मस्तिष्क नस एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ)
डॉ. अनुराग चंद्राकर — MBBS, MS (ORTHO) FIJR (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
डॉ. नमन पिंचा — MBBS, MS (ENT) (नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ)

एडवांस ICU यूनिट
डॉ. राजेश सिंघल — MD.DNB (इंटरनल मेडिसिन) CCEBDM,ACMDC (DIABETES)
डॉ. विशाल अग्रवाल — MBBS, DNB (इंटरनल मेडिसिन)
डॉ. ख़ालिद बेग — MBBS, DNB (ANESTHESIOLOGY)
डॉ. पियूष निधि शर्मा — MBBS (ICU SPECIALIST)

सभी प्रकार के इंश्योरेंस कंपनी से कैशलेस की सुविधा उपलब्ध
CGHS | SECR ( रेलवे ) | CSEB ( विधुत विभाग ) | ESIC | TPA
IIT BHILAI | BIJU ( ओडिशा कार्ड होल्डर ) | SAIL BSP (Ex-Employee)
97554 21861, 0788-2990458
NH-53,डी-मार्ट के पास, दुर्ग बाईपास रोड, कादंबरी नगर, दुर्ग छत्तीसगढ़
info@ashaarogyam.com ashaarogyam.com aarogyam hospital

## सार समाचार



### समाज सेवक संघ ने किया पौधरोपण

**राजनांदगांव।** मानसून के आगमन पर समाज सेवक संघ ने रिद्धी-सिद्धी कॉलोनी के पास सांई कृपा अस्पताल के पास शिव मंदिर के पीछे वृक्षारोपण किया। संघ के संस्थापक संयोजक संजीव सिंघल एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजी. स्वाति देवांगन ने वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर संघ की जिलाध्यक्ष यमला साहू एवं प्रियांशु सिंघल उपस्थित थे।

### योग मानव स्वास्थ्य संरक्षा समृद्धि का मूल आधारः द्विवेदी



**राजनांदगांव।** विश्व योग दिवस पर नगर के संस्कृति विचार प्रज्ञ व्यक्तित्व डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने कहा कि अखिल विश्व की अद्वितीय सनातन संस्कृति की अतीव अनुपम गौरवशाली परंपरा में योग-कर्मसु कौशलम्-अर्थात कर्म की कुशलता ही सहज, सरल रूप में योग है। भारतीय योग-आसन सदा-सर्वदा से सभी उम्र और सभी वर्ग के व्यक्तियों के तन-मन-मस्तिष्क को एक साथ स्वस्थ ऊर्जावान रखने का सशक्त-सार्थक और श्रेयष्कर आधार सूत्र-मंत्र रहा है। डॉ. द्विवेदी ने बताया कि हमारे आध्यात्मिक - सांस्कृतिक विशिष्ट गौरव का प्रतीक योग-आसन कर्म प्रधान नित्य व्यस्त जीवनचर्या में पूर्ण स्वस्थ्य, सुख और शांति से भर देने वाला अद्भुत आयाम है, जिसे प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जीवनशैली में अपनाना चाहिए।

### अधूरे काम को पूरा नहीं कराने पर आंदोलन की चेतावनी



**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर मंडल के उपाध्यक्ष सुमीत सिंह भाटिया ने एक बार फिर नगर निगम की महापौर हेमा देशमुख और आयुक्त अभिषेक गुप्ता को आड़े हाथ लेकर वार्ड नंबर 19 में निर्माणाधीन कार्यों को लेकर घेर दिया है। भाजपा नेता सुमीत का आरोप है कि महापौर हेमा देशमुख सिर्फ फोटो खिंचाने एवं राजनीति करने सिर्फ भूमिपूजन करती है। उस कार्य को लेकर उनके द्वारा कभी भी समीक्षा नहीं की जाती। जिसका उदाहरण वार्ड नंबर 19 में 2 लाख की लागत से निर्माणाधीन सार्वजनिक मंच आज तक अधूरा पड़ा है। जिसका भूमिपूजन महापौर द्वारा लगभग 8 माह पूर्व किया गया था, जो अब तक अपूर्ण है। सुमीत ने बताया कि इसी तरह वार्ड में ही 34 लाख की लागत से निर्माणाधीन सीसी रोड का कार्य, वह कार्य भी अब तक अधूरा ही है।

भाजपा नेता सुमीत ने बताया कि वार्ड 19 के पूनम कॉलोनी में 5 लाख की लागत से मंच एवं शेड निर्माण का कार्य अपूर्ण है। कई काम अधूरे पड़े हुए हैं। भूमिपूजन किए कार्यों की महापौर ने कभी समीक्षा नहीं की, वरना अब तक वार्ड नंबर 19 के काम अधूरे नहीं रहते। वहीं भाजपा नेता सुमीत ने आयुक्त को घेरते कहा कि आयुक्त के संरक्षण में ही नगर निगम क्षेत्र में निर्माणाधीन कार्यों में भ्रष्टाचार किया जा रहा है। भाजपा नेता सुमीत ने महापौर एवं आयुक्त को चुनौती देते कहा कि अगर अधूरे निर्माण कार्य को लेकर जल्द निगम प्रशासन द्वारा कार्य को पूर्ण नहीं किया गया तो वार्डवासियों के साथ मिलकर निगम प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### वार्डों में पेंशन शिविर

**राजनांदगांव।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते नगर निगम द्वारा प्रतिमाह पेंशन का भुगतान वार्डों में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कड़ी में हितग्राहियों को माह मई 2024 का पेंशन भुगतान के लिए वार्डों में 21 जून से 10 जुलाई तक सुबह 11.30 से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत कल 25 जून को वार्ड नं. 5 के लिए शीतला मंदिर चिखली, वार्ड नं. 7 व 9 के लिए हास्पिटल परिसर शंकरपुर, 26 जून को वार्ड नं. 12 के लिए बापू प्राथमिक शाला स्टेशनपारा व वार्ड नं. 13 के लिए सार्वजनिक मंच गौरीनगर तथा 27 जून को वार्ड नं. 14 के लिए वेसलियन स्कूल, वार्ड नं. 15 के लिए राम मंदिर बीएनसी मिल एवं वार्ड नं. 16 व 17 के लिए ठा.प्यारेलाल स्कूल में शिविर का आयोजन किया गया है। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने पेंशनधारियों से वार्डों में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर पेंशन का लाभ लेने की अपील की है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के हड़ताल का चौथा दिन

# हड़ताली कर्मियों ने रंगोली में उकेरी अपनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला कार्यालय के सामने चार दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने अपनी मांगे पूरी नहीं होता देख आज रंगोली बनाकर अपनी समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का प्रयास किया है।

15 तारीख तक कार्य आधारित वेतन भुगतान, गृह जिले में स्थानांतरण के साथ 8 किलोमीटर के दायरे में रहने की अनुमति और अपने एक अन्य साथी की बर्खास्त की बहाली को लेकर अपनी तीन सूत्रीय मांग के तहत अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने आज रंगोली बनाकर अपनी समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का प्रयास किया है। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी हिमानी सिन्हा ने कहा कि हम सरकार से अपनी मांगे पूरी करने गुहार लगा रहे हैं। चार दिन बीत जाने के बाद भी हमारी मांगों पर कोई भी सुनवाई नहीं हुई है, ऐसे में हम रंगोली बनाकर अपनी समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी हम जिला स्तर पर प्रदर्शन कर रहे हैं, मांगे पूरी नहीं हुई तो प्रदेश स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।



### ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवा प्रभावित

लगभग 4 दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के हड़ताल में चले जाने से दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं पर असर पड़ा है। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी प्रतिदिन विभिन्न गांव में जाकर स्वास्थ्य कैंप के माध्यम से ग्रामीणों का इलाज करते हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के हड़ताल पर जाने के चलते गांव में कैंप का आयोजन नहीं हो पा रहा है। जिससे अब ग्रामीणों को छोटे-मोटी स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तक पहुंचाना पड़ रहा है।

# योग से भारत दुनिया का विश्व गुरु बनेगा

- कांग्रेसी नेताओं की दूरी उनके दोहरे चरित्र का परिचायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला भाजपा ने जिलेभर में योग दिवस का आयोजन किया। जिले के सभी मोर्चा-प्रकोष्ठों व मंडलों में अनेक स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं व नागरिकों ने भाग लिया। पार्टी की ओर से मुख्य कार्यक्रम जिला भाजपा कार्यालय में सुबह 7 से 8 बजे तक आयोजित था। समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने कहा कि योग से ही भारत दुनिया का विश्व गुरु बनेगा। केंद्र में मोदी की सरकार आने के बाद योग के महत्व को अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिली। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया और आज पूरे संसार में योग की धूम मची हुई है। योग के माध्यम से हम अपने शरीर को चिरंजीवी बना सकते हैं, बस इसको निरंतर प्रतिदिन करते रहने से हमें इसका लाभ प्राप्त होता है। योग दिवस से कांग्रेसी नेताओं की दूरी को पूर्व सांसद मधुसूदन ने आड़े हाथों लेते इसे कांग्रेसी नेताओं के मानसिक दिवालियापन की निशानी बताया है। उन्होंने कहा कि विगत 5 वर्षों तक राज्य में सत्तासीन कांग्रेस पार्टी के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित तमाम कांग्रेसी नेतागण प्रतिवर्ष योग दिवस के कार्यक्रमों में शामिल होकर मीडिया में सुर्खियां बंटोरते रहे हैं और वाहवाही लूटते रहे हैं, किन्तु सत्ताविमुख होते ही कांग्रेसी नेताओं ने योग दिवस के आयोजन से किनारा कर एक बार फिर से अपने दोहरे चरित्र का परिचय दिया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने योग को हर व्यक्ति के लिए आवश्यक बताते इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए सभी से मिलजुलकर प्रयास करने का आव्हान किया। कार्यक्रम में ममता अग्रवाल व दिलेश्वर साहू ने लोगों को योग की बारिकियों से अवगत कराया। इस दौरान शिव वर्मा, रघुवीर वाधवा, बंटी भाटिया, आकाश चोपड़ा, अजीत जैन, मणिभास्कर गुप्ता, राजेश यादव, राजेन्द्र जैन, देवशरण सेन, गोलू सूर्यवंशी, शैंकी बग्गा, उज्जवल कसेर, योगेश बागड़ी, सुमीत भाटिया, शेखर यादव, प्रखर श्रीवास्तव, ईशान शर्मा, दिनेश गुप्ता, नागवंशी सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग शामिल रहे।

# देश में तीसरी बार मोदी सरकार बनने पर पार्टी के कई कार्यक्रम

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में लगातार तीसरी बार एनडीए सरकार बनने, उड़ीसा विधानसभा चुनाव में पार्टी को अपार सफलता मिलने, अरूणाचल प्रदेश में लगातार तीसरी बार विजय प्राप्त करने तथा आंध्रप्रदेश में एनडीए की सरकार बनने के वैभव को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में बेहद उत्साह है। पीएम मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार सदैव गरीब, वंचित, शोषित, दलित एवं आदिवासियों को प्राथमिकता के आधार पर सहायता प्रदान करती रही है। पार्टी ने इन सब बातों को ध्यान में रखकर डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी स्मृति दिवस को देशभर में मनाया जा रहा है, से लेकर उनके जन्मदिवस 6 जुलाई तक अनेक कार्यक्रमों आयोजन करने जा रही है। इन कार्यक्रमों के लिए जिला भाजपा ने सावन वर्मा, मूलचंद लोधी व आलोक बिंदल को प्रभारी बनाया है। भाजपा मीडिया सेल के अनुसार पार्टी ने 26 जुलाई तक सभी बूथ केन्द्रों पर "एक पेड़ मां के नाम" से वृक्षारोपण का वृहद कार्यक्रम प्रारंभ कर रही है।

# मंथली इनकम देने के नाम पर ठगी

- प्रार्थी की रिपोर्ट पर कोतवाली थाना में मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के कारोबारी से आर्थिक सहायता मांगकर मंथली इनकम देने का झांसा देकर ठगी करने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सनसिटी निवासी प्रार्थी विकास बोहरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मेसर्स सनशाईन कैटरर्स प्राईवेट लिमिटेड मुंबई में संचालित है। जिसके संयुक्त डायरेक्टर अरूण अग्रवाल एवं श्रीमती सुनीता अग्रगवाल हैं। उक्त कंपनी के डायरेक्टर ने वर्ष 2013 में यह कहकर एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता मांगी थी कि उनके व्यवसाय में होने वाले प्राफिट से 3 लाख रुपए मंथली इनकम देंगे। रकम मिलने के बाद डायरेक्टर अरूण अग्रवाल ने प्रार्थी को अपने वायदे के मुताबिक कोई भी इनकम नहीं दिया। प्रार्थी ने जब अपना एक करोड़ रुपए की राशि वापस करने निवेदन किया, किन्तु वापस करने के नाम पर घुमाता रहा। कोविडकाल के दौरान उक्त कंपनी का डायरेक्टर अरूण अग्रवाल की मृत्यु हो गई। तत्पश्चात उनकी पत्नी श्रीमती सुनीता अग्रवाल, जो पूर्व में संयुक्त रूप से डायरेक्टर थी, वह कंपनी की अकेली डायरेक्टर हो गई। प्रार्थी द्वारा कंपनी की डायरेक्टर श्रीमती सुनीता अग्रवाल से अपना रकम वापस करने के निवेदन करने पर 5 लाख रुपए प्रतिमाह किस्तों में कुल 20 माह में एक करोड़ रुपए वापस करने का इकरार किया। प्रार्थी को चेक भी दिया गया, किन्तु चेक को निर्धारित दिनांकों में बैंक में प्रस्तुत करने पर सभी चेक उक्त खाते में पर्याप्त राशि न होने के कारण एवं बाद में खाता बंद होने के कारण अनादरित हो गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपिया के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

# पड़ोसी जिले से आकर पहाड़ पर खेल रहे थे जुआ, पुलिस की दबिश में 6 जुआरी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दुर्ग की ओर से घुमका थाना क्षेत्र में पहाड़ी पर आकर आरोपियों ने जुआं का फड़ सजा कर जुआं खेल रहे थे। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्काल मौके पर दबिश दी और छह आरोपियों को पकड़ा। आरोपियों से नगदी रकम सहित कार, बाईक एवं मोबाईल फोन जब्त किया गया है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक थाना घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत 23 जून को ग्राम कलडबरी व बरबसपुर के मध्य पहाड़ी पर दुर्ग की ओर से आकर जुआरी जुआ फड सजाए हुए थे। ताश पत्ती से रुपए-पैसे के जीत-हार का खेल खेल रहे थे।



जिसकी सूचना पुलिस को मुखबीर से मिली। इस सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम कलडबरी व बरबसपुर के मध्य पहाड़ी पर दबिश दी, जहां आरोपियों द्वारा सार्वजनिक स्थान पर जुआं खेल रहे थे। जुआंरिया के पास और फड़ से कुल 5,000 रुपए नगद तथा 52 ताश पत्ती, एक सेंट्रो कार, एक हीरो होंडा, 5 नग मोबाइल कुल कीमती 1,02,520 रुपए जब्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध थाना घुमका में धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार कर विधिवत कार्रवाई की।

### यह आरोपी पकड़ाए

पुलिस ने जुआं खेलते आरोपी नितेश दुबे उर्फ नितम 23 साल साकिन ग्राम लिटिया प्रेमलाल उर्फ पाण्डु गेंडरे 45 साल साकिन सुपेला पुरानी बस्ती, मंथन जोशी 25 साल साकिन खपरी कुम्हारी, गोलू लहरे 36 साकिन ढाबा कुम्हारी, विजय दुबे 27 वर्ष साकिन घोंटा थाना धमधा एवं दिनेश गुप्ता 58 वर्ष निवासी दुर्ग को पकड़ा है।

# खड़ी बाइक को आग में फूंका, आरोपी गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खड़ी बाईक को आरोपी ने आग के हवाले कर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया था। जिसकी रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले की जांच करते आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 22 जून को प्रार्थी शंभूलाल साहू पिता ढेलूराम साहू 49 साल निवासी संजय नगर लखोली ने थाना में लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 21 जून को उसका भांजा पवन साहू एवं जागेश्वर साहू द्वारा अपनी-अपनी बाईक को खड़ी कर अपने काम से चले गए थे। 21-22 की दरम्यानी रात्रि में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा दोनों वाहनों मे आग लगाकर क्षतिग्रस्त कर दिया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 435 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

आरोपी का कृत्य से प्रार्थी एवं आसपास के लोगों में आरोपी के प्रति रोष व्याप्त होने से 24 जून को धारा 151 जाफौ के तहत गिरफ्तार कर धारा 107, 116(3) जाफौ के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर माननीय कार्यपालिक मजिस्टेट के न्यायालय में पेश किया गया। आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

### सीसीटीवी से मिला क्लू

इस मामले में थाना प्रभारी एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली से तत्काल टीम गठित कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु घटनास्थल रवाना किया गया। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया। फुटेज में मिले क्लू के आधार पर एवं मुखबीर की सूचना पर अज्ञात आरोपी को ज्ञात कर आरोपी गोपाल सिन्हा पिता किसुन सिन्हा 34 साल साकिन संजय नगर लखोली को तलब कर पूछताछ करने पर घटनाकारित करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

## निधन

### संतोष सिंह ठाकुर



**राजनांदगांव।** रामपुर, नवागांव छुईखदान निवासी संतोष सिंह ठाकुर पिता स्वर्गीय शिवबालक सिंह ठाकुर का सोमवार को निधन हो गया है। वे अपने पीछे भाई कन्हैया सिंह, विजय सिंह, केदार सिंह व पुत्र दीपक ठाकुर, विकास ठाकुर का भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।

# सांसद पांडे ने लोकसभा में ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नई दिल्ली स्थित संसद भवन में आज लोकसभा निर्वाचन 2024 में नवनिर्वाचित संसद सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। राजनांदगांव से दोबारा निर्वाचित सांसद संतोष पांडे ने दोपहर 3.28 बजे पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस दौरान लोकसभा में स्पीकर के पद पर फग्गन सिंह कुलस्ते मौजूद थे, जिन्होंने राजनांदगांव सांसद को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण के उपरांत सांसद संतोष पांडे ने राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र की जनता एवं मतदाताओं का आभार प्रदर्शित करते और उनके लिए संदेश देते कहा कि आज लोकसभा में आप सभी मेरे परिवारजनों एवं राजनांदगांव लोकसभा की देवतुल्य जनता के आशीर्वाद से 18वीं लोकसभा के सांसद के रूप में शपथ ग्रहण करना मेरे लिए गौरव की बात है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में हम सभी मिलकर एक मजबूत, विकसित और आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार करने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। हमारे संकल्प और प्रयास से नया भारत उभरेगा, जो प्रगति और समृद्धि के मार्ग पर अग्रसर होगा। सांसद पांडे ने राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र की जनता से आह्वान करते कहा कि हम सब मिलजुल कर यह प्रयास करें कि हमारा हर कदम, हर निर्णय देश को ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए समर्पित होगा।

# डॉ.मुखर्जी का बलिदान दिवस स्मृति दिवस के रूप में मनाया गया



**राजनांदगांव।** भारतीय जनसंघ के संस्थापकों में से एक देश के पहले उद्योग मंत्री डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस को जिला भाजपा कार्यालय में स्मृति दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया, फिर उनके स्मृति दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ।

भाजपा मीडिया सेल के अनुसार विचार गोष्ठी की शुरूआत करते सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का बलिदान सचमुच में उस दौर में एक बड़ी घटना थी, वे देश के पहले उद्योग मंत्री थे, किन्तु सरकार से वैचारिक मतभेद के चलते उन्होंने पद का मोह न कर उसे त्यागना बेहतर समझा। वे देश में दो निशान-दो विधान के खिलाफ राष्ट्रव्यापी आंदोलन खड़ा किया व कश्मीर में प्रवेश के लिए परमिट प्रथा का विरोध करते इस नियम को तोड़ते अपनी गिरफ्तारी दी, फिर पुलिस कस्टडी में उनकी रहस्य मृत्यु वास्तव में उन्हें सरकार की आंखों की किरकिरी बनने के कारण अपना बलिदान देना पड़ा, उस मामले की उस समय जांच तक नहीं हुई और हम उनकी स्मृति को आज भी संजोकर रखे हुए हैं।

श्री अग्रवाल ने कहा कि वे जनसंघ के संस्थापक थे। वहीं जनसंघ आज भाजपा के रूप में विश्व के सबसे बड़े राजनैतिक दल के रूप में मान्य है। आज भाजपा के वैभव को सारा देश व सारी दुनिया देख रही है, किन्तु इसके पीछे डॉ. मुखर्जी व पं. दीनदयाल उपाध्याय जैसी हस्तियों की वैचारिक पूंजी लगी हुई है। संचालन जिला भाजपा उपाध्यक्ष सावन वर्मा ने किया। आभार प्रदर्शन उत्तर मंडल के अध्यक्ष अतुल रायजादा ने किया।

इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, महामंत्री राजेन्द्र गोलछा, तरूण लहरवानी, राजेश श्यामकर, आलोक बिंदल, आभा तिवारी, राधेश्याम गुप्ता, शिव वर्मा, रघुवीर वाधवा, मधु बैद, रेखा मेश्राम, आलोक श्रोती, शैल यादव, मणिभास्कर गुप्ता, बंटी भाटिया, राजेश गुप्ता अग्रहरि, सुरेश भीमनानी, प्रिंस भाटिया, गिन्नी चावला, शैंकी बग्गा, त्रिगुण टॉक, गीतेश गुप्ता, अशोक निर्मलकर आदि उपस्थित थे।

# बच्चों को प्रोत्साहित करने प्राचार्य ने बनाया राफेल लड़ाकू विमान का मॉडल

**राजनांदगांव।** स्कूली बच्चों को मॉडल बनाने के लिए प्रोत्साहित करने शहर के वेसलियन इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्राचार्य ने राफेल लड़ाकू विमान का मॉडल बनाया है। उन्होंने इसके लिए कुछ कबाड़ मटेरियल के साथ ही अन्य वस्तुओं का उपयोग करते इस मॉडल को तैयार किया है, जो स्कूल परिसर में आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

इस मॉडल को किसी इंजीनियर या स्कूली बच्चों ने नहीं, बल्कि स्कूल के प्राचार्य अजीत स्कॉट ने स्वयं बनाया है। उनके इस मॉडल को बनाने में स्कूल के लैब असिस्टेंट विनोद पाटले और कारपेंटर अशोक वर्मा ने सहायता की है। स्कूल परिसर में स्थापित राफेल लड़ाकू विमान यहां आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। लोग इस विमान को देखने पहुंच रहे हैं। शाला प्राचार्य ने बताया कि स्कूली बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्होंने इस राफेल मॉडल को बनाया है। इसको बनाने के लिए उन्होंने इसमें हार्ड पीवीसी, एसीपी मटेरियल, बच्चों की साइकिल में लगने वाली सपोर्ट टायर, पानी के खाली जार, एलईडी लाईट आदि का उपयोग किया है। प्राचार्य ने कहा कि उन्हें बचपन से ऐसे मॉडल बनाने का शौक रहा है। जिसके चलते उन्होंने इस मॉडल को बनाया है।



### 130 किलो वजनी

प्राचार्य द्वारा राफेल लड़ाकू विमान को लेकर गहरे अध्ययन के बाद 3-डी इमेज के जरिये इस मॉडल को तैयार किया गया है। लगभग 130 किलो वजनी इस मॉडल को बनाने में 6 माह का वक्त लग गया। लोगों के लिए आकर्षक एवं हुबहू राफेल के इस मॉडल को बनाने लगभग 80 हजार रुपए का खर्च आया है। यह विमान पूरी तरह से वाटरप्रुफ भी है, इसलिए इसे जमीन से लगभग 12 फीट उपर खुले स्थान में लगाया गया है। वहीं एक बोर्ड के जरिये राफेल के संबंध में जानकारी दी गई है।



## खबर संक्षेप

### छात्र छात्राओं को बताए नियमित योग के फायदे

**कवर्धा।** शासकीय हाई स्कूल घोंघा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। प्रभारी प्राचार्य रामकुमार बंघेल नें बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया, जिसमें छात्र छात्राओं को योग के महत्व को बताया गया। बृजेश गुप्ता ने छात्र छात्राओं को नियमित योग से होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से बताया गया। वहीं हेमंत कुमार सोनी ने भी योग के बारें में विद्यार्थियों को विस्तार से समझाया। करों योग रहों निरोग के स्लोगन के साथ विभिन्न आसनों का अभ्यास किया। योग को अपने दिनचर्या में शामिल करने से अनेक लाभ है इससें शरीर निरोगी रहता है साथ ही साथ मस्तिष्क की याददाश्त क्षमता बढ़ती है जिस प्रकार शरीर के लिए भोजन करना अनिवार्य है उसी प्रकार से शरीर के लिए योग करना भी अनिवार्य है। इस अवसर पर व्याख्याता राजेश कुमार साहू, भगवती हठीले व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

### आरोप-प्रत्यारोप जारी, हो सकती है दोषियों के खिलाफ कार्रवाई

# रेत मामले में भाजपा-कांग्रेस आमने-सामने, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

हजारों घन मीटर रेत के गायब होने का मामला गरमाने लगा है। भाजपा और कांग्रेस इसे गलत बताते हुए अधिकारियों पर कार्यवाही करने की मांग कर रहे है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेष बघेल एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने भी इस मामले की निंदा किया है। अब जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने एक दूसरे पर आरोप लगाकर राजनीतिक गलियारे में हलचल मचा दिया है। कांग्रेस जहां अधिकारियों को भाजपा नेताओं का संरक्षण होने का दावा कर रही है वही भाजपा रेत कांड में कांग्रेसियों के शामिल होने का आरोप लगा रही है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने थाने में शिकायत कर अपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की, वहीं जिला कांग्रेस कमेटी ने जांच कमेटी बनाकर अधिकारी एवं सम्मिलित लोगो के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

जानकारी के अनुसार मुड़पार में सैकड़ों ट्रीप रेत जप्त किया गया था जो बाद में मौके से गायब हो गई। इस मामले को लेकर अधिकारी जांच के दायरे में आ गए है। संभावना व्यक्त किया जा रहा है कि जल्द ही लिप्त लोगों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही हो सकती है। फिलहाल कलेक्टर के निर्देश पर अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दिया है।

## मुड़पार से सैकड़ों ट्रीप रेत गायब



### थम नहीं रहा विवाद

मुड़पार जब्त रेत के गायब होने के मामले में रोज नए खुलासे हो रहे हैं। मुड़पार से 59 ट्रिप रेत का उठाव करने का हवाला देकर डेढ़ लाख की रॉयल्टी व जुर्माना जमा कराया गया है। इस मामले को लेकर कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने रविवार को मुड़पार पहुंचकर ग्रामीणों से चर्चा किया। कांग्रेस की जांच में इस बात का खुलासा हुआ कि 59 ट्रिप नहीं बल्कि 600 से अधिक हाइवा रेत पार कर दिया गया है। मुड़पार में नदी व नालों से बड़ी मात्रा में रेत की निकासी कर भंडारण किया गया था। इस आशय की शिकायत मिलने के बाद एसडीएम उमेश पटेल ने राजस्व विभाग के साथ मौके पर पहुंचकर रेत जब्त किया था।



# कच्ची सड़क में जलभराव से आवाजाही बाधित

- ग्रामीणों को उठानी पड़ रहीं है भारी परेशानियां।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर दूरी पर स्थित ग्राम बीजाझोरी, बरबसपुर व डबराभाट को आपस में जोड़ने व ग्रामीणों तथा राहगीरों के आवाजाही में राहत कें लिए कच्ची सड़क मार्ग का निर्माण कराया गया, ताकि एक गांव सें दूसरे गांव तक पहुंचा जा सकें।

लेकिन बीजाझोरी से बरबसपुर, बरबसपुर से डबराभाट कच्ची सड़क उबड़-खाबड़ व गड्ढे ही गड्ढें होने के कारण बारिश की पानी से कच्ची सड़क में जल भराव के कारण टापू बन गया है। जिससे ग्रामीणों व राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं ग्रामीणों व राहगीरों को सड़क हादसें की आंशका बना हुआ है।

ग्रामीणों ने बताया कि समय पर मरम्मत व सुधार कार्य नहीं होने के कारण कच्ची सड़क पूरी तरह खराब व आवागमन बाधित होने से लोगों को भारी परेशानियां हो रही है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन व विभागीय अधिकारियों व जिम्मेदारो को इस ओर ध्यान देने तथा सुधार व मरम्मत की मांग की गई ताकि बीजाझोरी, बरबसपुर व डबराभाट सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों व राहगीरों को सुविधा व राहत मिल सकें।

# संतोष पाण्डेय के पुनः सांसद बनने से क्षेत्र के भाजपाइयों में उत्साह

- प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी मतलब गारंटी पूरी होने की गारंटी : श्री यदु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

राजनादगांव लोकसभा के सांसद संतोष पाण्डेय के दोबारा सांसद चुने जाने पर कुण्डा मण्डल सहित आसपास क्षेत्र के भाजपाइयों में भारी उत्साह का माहौल है। संतोष पाण्डेय की जीत को जिला मंत्री भाजपा ओम यदु ने मोदी की गारंटी की जीत बताते हुए कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विगत दस वर्षो की कार्यकाल में देश में हुए जनहित कार्य एव गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला गैस योजना अंतर्गत गैस कनेक्शन मुफ्त वितरण एवं देश में हुए तीव्र गति से विकास के चलते राजनादगांव लोकसभा से पुनः वर्तमान सांसद संतोष पाण्डेय ने विजय हासिल की।



जिलामंत्री भाजपा ओम यदु ने कहा मोदी की गारंटी मतलब गारंटी पूरी होने की गारंटी इन गारंटियो में अगले पांच वर्षो तक मुफ्त राशन, गैस कनेक्शन, पानी और पीएम सूर्य घर से जीरो बिजली बिल देने का वायदा किया गया है साथ ही आयुष्मान भारत के तहत आगे भी 5 लाख रुपए तक मुफ्त इलाज मिलता रहेगा वही नेशनल एजुकेशन पॉलसी लागू की जाएगी, मोदी की गारंटी पर विश्वास जताते हुए प्रदेश की जनता मुहर लगाते हुए संतोष पाण्डेय की जीत पर मुहर लगाकर जिताया है।

श्री यदु ने कहा कि संतोष पाण्डेय के पुनः सांसद निर्वाचित होने पर कुण्डा मण्डल सहित आसपास क्षेत्र के भाजपाइयों में खुशी की लहर है, जिसमें कुण्डा, दामापुर, कोलेगांव, रूसे, भगतपुर, धनेली, मोहतरा, बसनी, पिपरमाटी, बसनी, खैलटुकरी, कंझेटा, सेमरकोना, निगापुर क्षेत्र के भाजपाइयों व कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों में भारी उत्साह का माहौल है।

हरिभूमि
पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

# लोधी समाज के जिलाध्यक्ष निर्वाचित हुए संतोष कौशिक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

रविवार को कवर्धा में जिला लोधी समाज का त्रिवर्षीय निर्वाचन संपन्न हुआ। निर्वाचन में ग्राम बंदौरा निवासी संतोष कौशिक जिलाध्यक्ष के लिए निर्वाचित हुए, उपाध्यक्ष धर्मपाल कौशिक, घनश्याम जंघेल, रमेश कौशिक, सोनवा कौशिक, महासचिव संजीव कौशिक, कोषाध्यक्ष राजेश कौशिक, संगठन सचिव शिक्षक राजेश कौशिक, प्रचार सचिव कौशल कौशिक, आनंद कौशिक, सेवाराम कौशिक, रामकुमार जंघेल निर्वाचित हुए। सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पीठासीन अधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रामशरण कौशिक एवं अजय कौशिक द्वारा निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर सभी प्रदेश पदाधिकारी साथ ही साथ नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, सर्किल अध्यक्ष कृष्णा जंघेल, शिवकुमार कौशिक, भागवत कौशिक, अजित कौशिक , श्रवण कुमार वर्मा एवं सामाजिक बंधु जिसमें रेखलाल कौशिक, गोपाल कौशिक, घनाराम कौशिक, नेहरू कौशिक, महादेव कौशिक, बालू जंघेल, हेमंत जंघेल, रूपसिंग वर्मा, राघवेंद्र वर्मा, हुलास वर्मा, तिहारी कौशिक, शिक्षक रामफल कौशिक, रामकुमार कौशिक, धीरज कौशिक, डॉ चंद्रकुमार कौशिक, रामानुज, कोमल कौशिक, शीशम श्रेयम, शुभम कौशिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश संगठन मंत्री जीवन कौशिक एवं श्रवण कौशिक प्रदेश प्रचार सचिव द्वारा किया गया।

### शाला भवन का लोकार्पण

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत कुशियारी में प्राथमिक शाला भवन का लोकार्पण विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने किया। इस मौके पर उन्होंने शाला में शौचालय, मध्यान्ह भोजन शेड के लिए 2 लाख, कोड़ेंनवागांव प्राथमिक शाला में शौचालय के लिए 1 लाख की घोषणा की। कुशियारी में बोर खनन कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में आकाशदीप सिंह, आरती महोबिया, सुशील पांडे, मोहन वर्मा, दुर्गेश द्विवेदी, कैलाश शर्मा, तेजराम वर्मा, अहिमत वर्मा, चंद्रेश यदु, राधेलाल वर्मा, रोहित वर्मा, नागेश वर्मा, नंदलाल वर्मा, उमरलाल वर्मा, रामरतन धुर्वे, केदार वर्मा, गायत्री वर्मा, हिरोदी वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।



### ब्रह्माकुमारी सेवा केन्द्र में पौधरोपण

**डोंगरगांव।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र द्वारा मातेश्वरी जगदंबा का पुण्य स्मरण दिवस मनाया गया। सभी भाई बहनों ने राज ऋषि भवन के पास पौधरोपण किया। सभी ने घर, खेत बाड़ी आदि जगहों पर पौधे लगाने का संकल्प लिया। इस दौरान सेवा केंद्र की संचालिका बीके भारती बहन, बीके हेमीन बहन, दिलीप भाई, रमेश भाई, लालदास साहू, गिरीश, नंदकुमार, हरीश, रिकेश, एकलव्य, बोधीराम, सतीश सोनी, दयाराम, भूमिका बहन, मधु, गुनेश्वरी, चित्ररेखा, मुनेम, चन्द्रिका आदि उपस्थित थे।




# रेल पटरी के लिए जमीन अधिग्रहण से पहले कराएं सर्वे

**खैरागढ़।** डोंगरगढ़ से कटघोरा के बीच प्रस्तावित रेल लाइन के लिए भूमि अधिग्रहण के पहले किसान परिवार के सदस्य को नौकरी और उचित मुआवजा दिए जाने की मांग को लेकर रेलवे संघर्ष समिति सहित सारंगपुर के किसानों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। जिला कार्यालय पहुँचे रेलवे संघर्ष समिति और सारंगपुर के किसानों ने कलेक्टर के नाम सौंपे ज्ञापते हुए कहा कि 2018 में प्रस्तावित डोंगरगढ़ से कटघोरा रेलवे लाइन की प्रक्रिया छह साल बाद फिर शुरू होने वाली है। रेलवे लाइन में बड़ी संख्या में किसानों की जमीनें आ रही है। जिन किसानों की जमीनों का रेलवे लाइन के लिए अधिग्रहण किया जाना है उस किसान परिवार के एक सदस्य को राज्य अथवा केन्द्र सरकार द्वारा नौकरी देने के साथ अधिग्रहित जमीन का उचित मुआवजा दिया जाना आवश्यक है।

## न्यायालय : न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय कबीरधाम (छ.ग.)

### // नोटिस //

व्यवहार वाद क्र. 39 अ/2024
धारा 08 हिन्दू अप्राप्तयता और संरक्षकता अधिनियम
आदेशिका क्र. 141/2024

श्रीमती मोहनी धुर्वे व अन्य ........ ........ आवेदिकागण
बनाम
आम जनता व अन्य ....... ........... अनावेदकगण
आम जनता, जिनका हित हो ................. अना.क्र.01

आवेदिकागण ने ग्राम महराजपुर प.ह.नं. 39, रा.नि.म. राजानवागांव तहसील बोडला, जिला कबीरधाम (छ.ग.) स्थित भूमि ख. नं. 40/1 रकबा 0.384 हे. 0.95 डिसमिल को अवयस्क आवेदिका कु. प्रिति एवं राहुल की ओर से उनकी माता श्रीमती मोहनी धुर्वे पति स्व यशवंत धुर्वे ने विक्रय करने की अनुमति दिए जाने हेतु इस न्यायालय के समक्ष वाद प्रस्तुत किया है। अतः सर्वसाधारण जो मामले में दावा रखते हों को सूचित किया जाता है कि आप स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि/अधिवक्ता के माध्यम से, जो मामले से संबंधित सभी उत्तर देने में सक्षम हों, उक्त वाद में सुनवाई हेतु दिनांक 29 जुलाई 2024 को प्रातः 11:00 बजे इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित रहें।

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि नियत तिथि में इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं होने की दशा में उक्त वाद में सुनवाई/विचारण आपकी अनुपस्थिति में विधि अनुसार किया जायेगा।

यदि किसी कारणवश सुनवाई तिथि दिनांक 29 जुलाई 2024 को अवकाश घोषित होता है तो मामले की सुनवाई उसके ठीक दूसरे कार्यदिवस में की जायेगी।

आज तारीख 22 जून 2024 को इस अदालत की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

मुहर
लीलाधर सारथी न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय कबीरधाम (छ.ग.)

# हाइब्रिड धान की थरहा अब किसानों के खेतों में धीरे-धीरे अंकुरित होने लगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

जिले से लेकर ग्रामीण अंचलों तक इन समय धान की अच्छे पैदावार करने के लिए किसानों ने धान की बीज का बोनी का कार्य में युद्ध स्तर से जुट गए हैं वही जो किसान बारिश से पहले बोर के सहारे हाइब्रिड धान की बोनी का कार्य की गई अब इन किसानों के खेतों में धान की थरहा अंकुरित होकर हरा भरा पौधे धीरे-धीरे खेतो में तैयार होने लगे हैं और खेत खलिहान अब हरा भरा होने लगे हैं एक ओर धान की थरहा धीरे-धीरे अंकुरित होकर पौधे तैयार हो रहे हैं वहीं दूसरी तरफ बारिश के चलते बरबसपुर, डबराभाट, सिंघनपुरी, बीजाझोरी, हरिनछपरा, रामहेपुर, चडालपुर, नाऊडीह, दौजरी, घुकसा, जेवडन खुर्द, जरती, बाझीमौहा, सारगपुर खुर्द, जमुनिया, नेवारी, गागचुवा, के इन गांवों के किसानों ने धान की बोनी का कार्य युद्ध स्तर से जुट चुके हैं ताकि समय पर बहुत जल्द फसल परिपक्व होकर तैयार हो सके और समय पर धान खरीदी केंद्र में समर्थन मूल्य पर बेच सके।



**खबर संक्षेप**

### करंट की चपेट में आने से मवेशी की मौत

**कवर्धा।** वर्षाकाल प्रारंभ होने के बाद अचानक करंट से मौत के मामले सामने आने लगे हैं। ऐसी घटना दामापुर पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम धौराबंद से सामने आई जहा करंट की चपेट में आने से एक मवेशी की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम धौराबंद स्थित गौठान में ट्रांसफार्मर लगा है। जहां लटक रहे बिजली तार की चपेट में आने से एक गाय की मौत हो गई। घटना रविवार सुबह की है। घास चरते हुए गाय ट्रांसफार्मर के नजदीक पहुंच गई, जहां बिजली तार लटक रहा था। तभी तार की चपेट में आने पर गाय को करंट लगा और उसकी मौत हो गई। घटना के चलते ग्रामीणों ने उक्त ट्रांसफार्मर को गौठान से अन्यत्र हटाए जाने की मांग बिजली कंपनी से की है।

### खेल अकादमी के लिए चार छात्राओं का चयन

**कवर्धा।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की चार छात्राओं का चयन खेल अकादमी बिलासपुर में हुआ है। इस संबंध में अधीक्षिका ललिता तारा अनंत ने बताया कि खेलो इंडिया स्टेट सेंटर आफ एक्सीलेंस व राज्य शासन द्वारा संचालित खेल अकादमी में प्रवेश के लिए चयन ट्रायल के लिए स्व. बीआर यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र बहतराई बिलासपुर में विद्यालय की 9 बालिकाएं सम्मिलित हुए। इस चयन ट्रायल स्पर्धा में विभिन्न जिले से आये प्रतिभागियों ने अपना ट्रायल दिया, जिसमें कस्तूरबा विद्यालय बोड़ला की चार बालिकाओं ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर खेल अकादमी में प्रवेश के लिए अपनी जगह बनाई। बालिकाओं के मेहनत, लगन, प्रतिदिन की तैयारी और कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की अधीक्षिका द्वारा बालिकाओं को खेल के लिए प्रोत्साहन व खेल कोच के मार्गदर्शन से प्रियंका तिलगाम (हॉकी), वांशी मेरावी, प्रियंका धुर्वे और होमिनी श्रीवास का कबड्डी खेल में स्व. बीआर यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र बहतराई प्रवेश के लिए चयनित होकर विद्यालय को गौरवान्वित किया है।

### हेमचंद विवि ने जारी किए परीक्षा परिणाम

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विवि ने बीए (एडिशनल) पाठ्यक्रम का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है। इसमें भाग एक, दो व तीन वार्षिक परीक्षा -2024 शामिल है। जानकारी के अनुसार भाग एक का परीक्षा परिणाम ओवरऑल 57.69 प्रतिशत, भाग दो का 86.36 प्रतिशत व भाग तीन का 77.78 प्रतिशत रहा है। परीक्षा परिणाम विवि की वेबसाइट का अपलोड है। संबंधित विद्यार्थी विवि की वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

### श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 26 से

**कवर्धा।** कवर्धा के राजमहल कॉलोनी में 26 जून से कथा व्यास संत जागेश्वर देव महराज का संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी तैयारियां आयोजकों द्वारा की जा रही है। आयोजक मदन लाल गुप्ता, गौरव गुप्ता, गगन गुप्ता ने बताया यह कथा का आयोजन स्व. खिलावन गुप्ता, स्व. दौपद्री गुप्ता एवम स्व. मंदाकिनी गुप्ता की पुण्य स्मृति में की जा रही है। उन्होंने बताया यह कथा का आयोजन 26 जुन से 3 जुलाई तक राजमहल कॉलोनी में किया जाएगा।

आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की लेकर पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

# पाठ्यक्रमों की डिग्री, डिप्लोमा दिलाने के नाम पर ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

**आरोपियों ने की करीब 4 लाख 31 हजार 500 रूपए की ठगी**



ठगे गए अभ्यर्थियों ने पुलिस अधीक्षक के नाम सौंपे गए अपने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि उन्होने आरोपियों के खातों में अलग-अलग माध्यम से करीब 4 लाख 31 हजार 500 रूपए डाली है। जिसमें फीस के नाम पर टेकराम धुर्वे से 30000, गोपी कृष्ण सोनी से 45000, मोहित राम से 27000, कृपाल सिंह से 41000, धनीराम 22500, रामकली से 39000, सिलकराम 35000, सुरेश कुमार से 10000, शिवराम 10000, अक्कल सिंह 18000, चन्द्रध्वज कुंभकार 65000, रामकुमार प्रजापति 25000, सारंग ठाकुर से 25000, उर्मिला से 39000 रूपए की राशि वसूली गई है।

एक तरफ जहां इन दिनों पूरे देश में नीट, यूजीसी जैसी बड़ी और राष्ट्रीय स्तर की परिक्षाओं के पेपर लीक का मामला सुर्खियों में है वहीं कबीरधाम जिले में भी विभिन्न कक्षाओं की परिक्षाओं में अभ्यर्थियों को पास कराने और डिग्री उपलब्ध कराने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है।

ठगे गए अभ्यर्थियों ने इस मामले की शिकायत सीधे जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर लिखित में कराई है और आरोपियों को गिरफ्तार कर ठगी की रकम वापस कराए जाने की मांग की है। अपनी फरियाद लेकर जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे जिले के विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्रांतर्गत कुकदुर थाना क्षेत्र के अभ्यर्थी टेकराम धुर्वे, गोपी कृष्ण सोनी, मोहित राम, कृपाल सिंह, धनीराम, रामकली, सिलकराम, शिवराम, अक्कल सिंह, चन्द्रध्वज कुंभकार, रामकुमार प्रजापति, सारंग ठाकुर, उर्मिला सहित अन्य अभ्यर्थियों ने बताया कि उन्हें वर्ष 2022 में प्रीमीटर पुरुषोत्तम दास मानिकपुरी और चंदन मानिकपुरी ने झांसा देकर दूरस्थ ओपन शिक्षा मेट्स यूनिवर्सिटी रायपुर से बीए, बीएससी, एमबीए, स्नात्कोत्तर व अन्य विषयों का कोर्स कराए जाने का झांसा देकर सभी अभ्यर्थियों से लाखों रूपए फीस जमा कराई थी।

अभ्यर्थियों के मुताबिक उन्होने आरोपी पुरुषोत्तम दास मानिकपुरी के मोबाइल नंबर 9691636719 व चन्दन मानिकपुरी निवासी बैरागपारा पंडरिया के द्वारा दिए गए मोबाईल नम्बर 725046648, 8120023140, 6263939624 में फोन पे तथा अन्य माध्यमों से उनके तथा उनके रिस्तेदारों के खातों में फीस की रकम डाली थी। लेकिन राशि जमा करने के बाद अभ्यर्थियों को आरोपियों द्वारा अभी तक संबंधित कोर्स की परिक्षाओं की अंक सूची उपलब्ध नहीं कराई गई है।

अभ्यर्थियों की माने तो उनके द्वारा इस सबंध में कई बार पुरुषोत्तम दास मानिकपुरी तथा चन्दन मानिकपुरी से व्यक्तिगत तथा फोन पर बातचीत की गई है लेकिन अब आरोपी सीधे तौर पर गाली गलौच कर रहे हैं और अंक सूची देने से साफ इंकार कर रहे हैं। जिसके बाद इन पीड़ित अभ्यर्थियों द्वारा 19 अक्टूबर 2022 को आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करने संबंधी शिकायत कुकदुर थाना में दर्ज कराई थी लेकिन कुकदुर पुलिस द्वारा इस पर कोई कार्यवाही नहीं की। जिसके बाद अब थकहार कर अभ्यर्थियों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की है।

# गांजा जब्त, दो आरोपी चढे पुलिस के हत्थे



- गांजा और गांजा का परिवहन करने में प्रयुक्त वाहन जप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

पंडरिया पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गांजा तस्करी करते दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 1.042 किलो ग्राम गांजा जप्त किया है वहीं गांजा तस्करी में प्रयुक्त ओमनी वाहन को भी जप्त किया है। गिरफ्त में आए आरोपियों के खिलाफ अपराध धारा 20(क्च) एनडीपीसी एक्ट के तहत कार्यवाही की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते रविवार को मुखबिर के जरिए पंडरिया पुलिस को सूचना मिली थी की कुछ लोग वाहन क्रमांक ओमनी वेन एमपी 09 बीसी 9762 से गांजा तस्करी कर रहे हैं और पंडरिया से होते हुए मुंगेली की ओर जा रहे हैं। इस सूचना पर पंडरिया पुलिस ने तत्काल एक टीम गठित कर आरोपियों का पीछा करते हुए ओमनी वाहन सवार आरोपी भरत पटेल पिता बारेलाल पटेल आयु 41 वर्ष निवासी ताजपुर थाना जयश्री नगर जिला सागर (म.प्र.) तथा बंशी पटेल पिता दम्मू पटेल आयु 38 वर्ष निवासी ताजपुर थाना जायश्री नगर जिला सागर(म.प्र.) को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपियों की वाहन तलाशी के दौरान 7 पैकेट गांजा जिसकी मात्रा 1.042 किलो ग्राम थी को बरामद किया गया। पुलिस ने वाहन में से गांजा बरामदगी के बाद दोनो आरोपियों को अपराध धारा 20(क्च) एनडीपीसी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस कार्यवाही में निरीक्षक उमाशंकर राठौर, थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा, सउनि पंचराम वर्मा, प्रधान आरक्षक बलेश धुर्वे, राजेश्वर कोसरिया, आरक्षक प्रभाकर बन्छोर, अभिषेक शर्मा, ईश्वर चंद्रवंशी, द्वारिका चंद्रवंशी का विशेष योगदान रहा।

# डिप्टी सीएम ने बच्चों के साथ किया स्कूल भवन का लोकर्पण

## 24 लाख 26 हजार की लागत से बना स्कूल भवन



- ग्राम भौंदा के स्कूल बच्चों को विजय शर्मा ने दी बड़ी सौंगात

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा आज अपने कबीरधाम प्रवास के दौरान बोड़ला विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्राम भोंदा में 24 लाख 26 हजार की लागत से समग्र शिक्षा अभियान के तहत नवनिर्मित शासकीय प्राथमिक शाला भवन के अतिरिक्त कक्ष विधिवत पूजा-अर्चना कर वहां पडऩे वाले बच्चों के साथ लोकार्पण किया। उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों को नए भवन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे, काशीराम उइके, रामजीदास मानिकपुरी, फगनुराम धुर्वे, नरेश चंद्रवंशी, सरपंच श्रीमती मंगलीन बाई मेरावी, उपसरपंच श्रीमती जीराबाई पटेल सहित ग्रामीण, स्कूली विद्यार्थी उपस्थित थे।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय की सरकार द्वारा प्रदेश के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में बच्चों को विश्व स्तर की शिक्षा दिलाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि अब गर्मियों की छुट्टियां खत्म होने वाली हैं। इसके साथ ही स्कूलों में नया शिक्षा सत्र शुरू होगा। उन्होंने बताया कि शिक्षा से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसले भी लिए हैं।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री से स्वीकृति के बाद शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया को भी शुरू की जाएगी।

**नए शाला भवन को देख खुशी से झूम उठे बच्चे**

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के साथ ग्राम भोंदा शासकीय प्राथमिक शाला में अध्यनरत विद्यार्थियों ने नए प्राथमिक शाला भवन का विधिवत पूजा-अर्चना कर लोकार्पण किया। स्कूल के विद्यार्थी नए शाला परिसर को देख खुशी से झूम उठे। ग्रामीणों, शिक्षकों और स्कूल के विद्यार्थियों ने उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा को नए स्कूल भवन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# वर्षाकाल प्रारंभ होते ही कीचड़ से पट गया गांव का कच्चा रास्ता, मुरूम डालने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव



वर्षाकाल प्रारंभ होने के साथ ही जिले के सुविधा विहीन ग्रामों में समस्याएं मुंह बाने लगी है जिसके चलते स्थानीय ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हाल के दिनो में अंचल में हुई मानसून की पहली बारिश के साथ ही ऐसी ही परेशानी अब विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव के ग्रागीणों के सामने भी नजर आने लगी है और वे इसका सामना करने मजबूर है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत के कई वार्डो में पक्का रास्ता नहीं होने के कारण पहली ही बारिश में वार्डो के आम कच्चे रास्ता कीचड़ से सराबोर होने लगे हैं। जिनमें चलना ग्रामीणों के लिए भारी कठिन हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि रास्तों में कीचड़ होने से दोपहिया वाहनो को निकालना मुस्किल हो रहा है। उन्होने बताया कि इन्ही मार्गो से होकर आने वाले दिनो में गांव के छोटे-छोटे बच्चे स्कूल तथा आंगनबाड़ी आना जाना करेंगे। लेकिन मार्ग में कीचड़ और फिसलन होने के कारण उनके दुर्घटना का शिकार होने का भय बना रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत के बासिंदों द्वारा लम्बे समय से गांव के वार्डो में सीसी रोड़ निर्माण की मांग की जा रही है जो आज पर्यंत पूरी नहीं की गई है। जिसका खामियाजा ग्रामीणा वर्षो से भुगतन रहे हैं। उन्होने बताया कि इस संबंध में कई बार ग्राम पंचायत में भी अर्जी विनती व मांग की जा चुकी है लेकिन ग्राम पंचायत भी ग्रामीणों की समस्याओं के प्रति कोई गंभीरता नहीं दिखा रही है। ग्रामीणों ने गांव के कच्चे रास्तों की खस्ताहाल स्थिति को देखते हुए फिर हाल ग्राम पंचायत तथा प्रशासन से मुरूम डालने की मांग की है ताकि ग्रामीणों को आवागमन बारिश के दिनो में सुलभ हो सके।

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने लोगों से किया सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज कवर्धा स्टेडियम के पास स्थित नए विधायक कार्यालय में कवर्धा विधानसभा के नागरिकों से सीधा संवाद कर उनकी मांग, समस्याएं सुनीं और आवेदन लिया। उपमुख्यमंत्री ने कुछ समस्याओं का स्थल पर ही निराकरण किया और कुछ समस्याओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को समय पर निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि नागरिकों की हर समस्या पर उनका ध्यान है और उसका संपूर्ण समाधान उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। इस अवसर बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

**जनसरोकार...**



**कवर्धा।** उप मुख्यमंत्री तथा कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने नगर के लोगों की सुनी समस्याएं किया निराकरण।

एक मवेशी की मौत, तीन घायल, पशुपालक को मिलेगा मुआवजा

# रूखमीदादर के जंगल में तेंदुआ ने किया मवेशियों का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत कांदावानी के आश्रित ग्राम रूखमीदादर के जंगल में चरने गए मवेशियों को वन्यप्राणी तेंदुआ द्वारा शिकार बनाए जाने का मामला सामने आया है। मवेशी पालक की सूचना पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने भी इस बात की पुष्टि की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रूखमीदार निवासी अमरु बैगा अपने मवेशियों को चरने के लिए रूखमीदादर के जंगल अंदर बीट क्रमांक 481 में छोड़ा था। बताया जाता है कि इसी दौरान मौका देखकर वन्यप्राणी तेंदुआ ने अमरु बैगा के एक गाय, एक बैल और दो बछड़ों पर अचानक हमला बोल दिया। तेंदुआ के हमले से गाय और बछड़े तो घायल होने के बाद जैसे तैसे बच निकले लेकिन बैल को तेंदुआ ने मौत के घाट उतार दिया। बाद में जब मवेशी पालक अमरु बैगा ने अपने लापता बैल की खोजबीन की तो वह जंगल में मृत अवस्था में पड़ा था। शव की स्थिति को देखकर अमरु बैगा को समझने में वक्त नहीं लगा कि उसके बैल को तेंदुआ ने अपना शिकार बनाया है। जिसकी सूचना उसने तत्काल क्षेत्रीय वन महकमे को दी। सूचना पाकर मौके पर चिकित्सक के साथ पहुंचे वन रक्षक अजित पाल तथा पशु चिकित्सक ने भी मृतक बैल के शव को देकर तेंदुआ द्वारा शिकार किए जाने की पुष्टि की है और प्रकरण दर्ज कर पीड़ित पशु पालक को मुआवजा देने की बात कही है। डिप्टी रेंजर सुनील कुमार सोनी ने बताया रुखमीदादार के जंगल बिट क्रमक 481 में बैल का तेंदुआ ने शिकार किया है। उन्होने बताया कि इस क्षेत्र में तेंदुआ की मौजूदगी है ऐसे में क्षेत्र के ग्रामीणों को सतर्क और सावधानी रहने की जरूरत है तथा अपने मवेशियों को वन्यपरिक्षेत्र में छोडऩे से बचना चाहिए।

**वन्यप्राणियों पर शिकारियों की भी नजर**

यहां बताना लाजिमी होगा कि इसी जंगल से मध्यप्रदेश का जंगल भी लगा हुआ है। अभी पिछले महिने ही एमपी के वन विभाग की टीम ने तेंदुआ के खाल सहित आरोपियों को पकड़ा था। बताया जाता है कि रुखामीदादार और टेढ़ापानी के जंगलों में तेदुआ हमेशा विचरण करते रहता है। करीब तीन साल पहले टेढ़ापानी के पास शिकारियों द्वारा लगाए गए करंट प्रवाहित फंदे में फंसकर तेदुआ और दो बेल की मौत हुइ थी। इसी जंगल में शिकारियों ने एक वन भैंसा को भी जहरीला तीर मारकर उसका शिकार किया था। ऐसे में माना यह भी जा रहा है कि वन विभाग को भी इस क्षेत्र की विशेष निगरानी रखनी चाहिए। कहीं ऐसा न हो कि जंगल में तेंदुआ की मौजूदगी देखकर शिकारी सक्रिय हो जाए और तेंदुआ को अपने रास्ते का कांटा मानकर उसे ही शिकार न बना दें।

# भाजयुमो मंडल कुण्डा ने पौधारोपण कर दी डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा



भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल कुंडा के महामंत्री परषोत्तम निर्मलकर ने अपने बूथ खम्हरिया में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भारतीय जन संघ के संस्थापक प्रखर राष्ट्रवादी एवं महान शिक्षाविद डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि पर एक कदम के पौधा रोपण कर भावपूर्ण श्रद्धा सुमन अर्पित की। इस अवसर पर उन्होने कहा कि डॉ1 श्यामा प्रसाद मुखर्जी मातृभूमि के प्रति अपना सब कुछ समर्पण कर राष्ट की एकता अखंडता के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। डॉ. मुखर्जी ने जम्मू कश्मीर से अपनी आवाज बुलंद करते हुए भारत माता के वैभव के लिए सब कुछ न्यौछावर किया है। हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर उनके विचारों को आत्मसात करना चाहिए। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू कश्मीर से 370 धारा हटाकर डॉ. मुखर्जी के सपने को साकार किया है। इस कार्यक्रम में परषोत्तम निर्मलकर महामंत्री भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल कुंडा, संगीता निर्मलकर मंत्री महिला, जितेंद्र रजक, अंजू रजक, राकेश यादव, पुरुषोत्तम निषाद, रवि रजक आदि कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल थे।